दैनिक बढ़ता राजस्थान

संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा

Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ

वर्ष : 14 | अंक : 298 | जयपुर | सोमवार, 02 सितम्बर, 2024 | भाद्रपद, कृष्ण पक्ष अमावस्या संवत्-2081 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य : ₹2 | पृष्ठ : 08

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan


## सत्यपाल मलिक का कंगना पर निशाना : बोले- राजनीति में नाबालिग रनोट, माफी नहीं पार्टी से निकालना चाहिए

बढ़ता राजस्थान



**करनाल ( एजेंसी )।** हरियाणा के करनाल में आयोजित सिख महासम्मेलन में पहुंचे जम्मू एंड कश्मीर के पूर्व गवर्नर सत्यपाल मलिक ने कंगना रनोट के खिलाफ कड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि कंगना रनोट को पार्टी से निकाल देना चाहिए, क्योंकि वह राजनीति में नाबालिग हैं और पार्टी में रहने के लायक नहीं हैं। मलिक का कहना है कि कंगना के बयान अक्सर लोगों के खिलाफ होते हैं और यह बहुत गलत बात है। उन्होंने जोर देकर कहा कि कंगना के बयानों के लिए माफी मांगने से बात नहीं बनेगी, बल्कि उन्हें तो जिस पार्टी मे वो है उस पार्टी ने ही उसे बाहर निकाल देना चाहिए।

### गुरुद्वारा कमेटी के चुनाव पर हुई चर्चा

बता दें कि रविवार को करनाल के शहीद बाबा जंग सिंह जी के गुरुद्वारा साहिब में सिख सम्मेलन का आयोजन किया गया था। जिसकी अध्यक्षता जगदीश सिंह झींडा ने की। इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य हरियाणा में गुरुद्वारा कमेटी के चुनाव करवाने पर चर्चा करना था। इस मौके पर सत्यपाल मलिक ने कहा कि सिख समाज देश के साथ हमेशा खड़ा रहा है और उनके कामों में किसी भी सरकार को हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए। उन्होंने बीजेपी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि उनके काम पूरे नहीं हो रहे हैं और सरकार केवल भ्रष्टाचार और सत्ता की राजनीति में लगी हुई है।

### बीजेपी सरकार पर हमला

सत्यपाल मलिक ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में हालात बेहद खराब हो गए हैं। उनके समय में आतंकवादी श्रीनगर के पास भी नहीं आते थे, लेकिन अब फौज पर हमले हो रहे हैं। उन्होंने बीजेपी सरकार को 200 फीसद नाकाम बताया, खासकर दिल्ली और श्रीनगर में।

### राहुल गांधी की तारीफ

सत्यपाल मलिक ने राहुल गांधी की तारीफ करते हुए कहा कि वह एक सुलझे हुए और विनम्र व्यक्ति हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने हर मौके पर उनकी इज्जत की है, और वह चाहते हैं कि लोग बीजेपी को हराकर दूसरी पार्टियों को जिताएं।

## शिवाजी मूर्ति गिरने के खिलाफ महाराष्ट्र विकास अघाड़ी का प्रदर्शन

बढ़ता राजस्थान

**मुंबई( एजेंसी )।** महाराष्ट्र के कोल्हापुर में छत्रपति शिवाजी महाराज की मूर्ति गिरने के विरोध में रविवार को महाविकास अघाड़ी मुंबई में प्रदर्शन किया। इसे जोड़े मारो (जूता मारो) आंदोलन नाम दिया गया। एमवीए ने साउथ मुंबई के हुतात्मा चौक से गेटवे ऑफ इंडिया तक पैदल मार्च निकाला। इसमें उद्धव ठाकरे, आदित्य ठाकरे, शरद पवार, सुप्रिया सुले, नाना पटोले समेत एमवीए की तीनों पार्टियों के बड़े नेता शामिल हुए। इस दौरान उद्धव ने सीएम एकनाथ शिंदे, डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार के पोस्टर पर चप्पल मारी। उन्होंने कहा- मोदी की माफी अहंकार से भरी थी। वहीं, शरद पवार ने कहा- मूर्ति गिरना भ्रष्टाचार का उदाहरण है। इधर, सीएम शिंदे ने कहा- विपक्ष मामले पर राजनीति कर रहा है। जनता सब देख रही है। आने वाले चुनाव में महाराष्ट्र की जनता इन्हें जूतों से पीटेगी। भाजपा ने भी विपक्ष के प्रदर्शन के खिलाफ मुंबई में प्रोटेस्ट किया।

**पीएम मोदी ने प्रतिमा गिरने पर माफी मांगी थी**-27 अगस्त को पालघर में मोदी ने एक प्रोग्राम में सिंधुदुर्ग में शिवाजी की प्रतिमा गिरने पर माफी मांगी थी। उन्होंने कहा था, हमारे लिए छत्रपति शिवाजी महाराज सिर्फ एक महाराजा नहीं हैं।

# मुख्यमंत्री के निर्देश पर एडीजी रैंक के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी आज से करेंगे अपनी-अपनी रेंज का दौरा



### कानून व्यवस्था, अपराधों की रोकथाम एवं लंबित प्रकरणों की करेंगे मौके पर समीक्षा

### फील्ड से फीडबैक लेकर कसेंगे अपराधों पर लगाम

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर पुलिस मुख्यालय से प्रदेश के अतिरिक्त महानिदेशक स्तर के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी सोमवार से अपने प्रभार वाली पुलिस रेंज का सघन दौरा करेंगे। मुख्यमंत्री शर्मा द्वारा सीएमओ में शनिवार को ली गई गृह विभाग की समीक्षा बैठक में इस बाबत विशेष दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। पुलिस महानिदेशक डीजीपी श्री उत्कल रंजन साहू ने बताया कि पुलिस मुख्यालय की ओर से सभी रेंज प्रभारी अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस (एडीजी) को रेंज का दौरा कर कानून व्यवस्था की स्थिति एवं अपराधों की रोकथाम एवं पेंडिंग प्रकरणों की समीक्षा कर विस्तृत रिपोर्ट भिजवाने के निर्देश जारी किए गए हैं। डीजीपी ने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा समीक्षा बैठक में प्रदेश में कानून व्यवस्था और अपराध नियंत्रण की स्थिति को चाक-चौबंद बनाने के लिए अतिरिक्त सजगता बरतने को कहा गया है। इसकी पालना में सभी रेंज प्रभारी वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को अपनी रेंज के पुलिस जिलों की विजिट के दौरान वहां कमजोर वर्गों, महिला व बच्चों के विरुद्ध अपराध एवं साइबर सुरक्षा से मामलों पर नियंत्रण के लिए किए जा रहे प्रयासों के साथ ही इनके पेंडिंग प्रकरणों की समीक्षा के लिए पाबंद किया गया है। इसके अलावा सभी रेंज प्रभारी एडीजी मादक पदार्थो से संबंधित मामलों पर की स्थिति एवं अन्य गंभीर प्रकृति के अपराधों पर नियंत्रण की समीक्षा कर पेंडिंग प्रकरणों के बारे में अपनी रिपोर्ट पुलिस मुख्यालय को प्रस्तुत करेंगे।

### पुलिस रेंज का दौरा करेंगे ये वरिष्ठ अधिकारी

**साहू ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर एडीजी बिनीता ठाकुर जयपुर रेंज और जयपुर आयुक्तालय, आनंद एडीजी भरतपुर रेंज, एडीजी एस सेंगाथिर कोटा रेंज, एडीजी सचिन मित्तल अजमेर रेंज, एडीजी अनिल पालीवाल जोधपुर रेंज एवं कमिश्नरेट, एडीजी बिपिन कुमार पांडेय सीकर रेंज, एडीजी हवा सिंह घुमरिया बीकानेर रेंज, एडीजी डॉ प्रशाखा माथुर पाली रेंज तथा एडीजी श्री संजीब नर्जरी उदयपुर एवं बांसवाड़ा रेंज का प्रभारी के तौर पर दौरा करेंगे। श्री साहू ने बताया की सभी रेंज प्रभारी एडीजी अपने दौरे के दौरान सुरक्षा सखियों से बात कर महिला एवं बाल अपराधों से संबंधित प्रकरणों के बारे में अलग से फीडबैक लेंगे। इसके साथ ही सभी रेंज में निर्भया स्क्वाड, एंटी रोमियो स्क्वाड और महिला हेल्पलाइन की सक्रियता और वे कैसा काम कर रही है, इसकी मौके पर विस्तार से समीक्षा की जाएगी।**

# पेंडिंग केस ज्यूडिशियरी के लिए बड़ा चैलेंज : राष्ट्रपति

## कहा : जब रेप जैसे मामलों में तत्काल न्याय नहीं मिलता तो लोगों का भरोसा उठ जाता है

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार (1 सितंबर) को कहा कि पेंडिंग केस और बैकलॉग न्यायपालिका के लिए बड़ा चैलेंज हैं। जब रेप जैसे मामलों में कोर्ट का फैसला एक पीढ़ी गुजर जाने के बाद आता है, तो आम आदमी को लगता है कि न्याय की प्रक्रिया में कोई संवेदनशीलता नहीं बची है। राष्ट्रपति मुर्मू नई दिल्ली के भारत मंडपम में नेशनल कॉन्फ्रेंस ऑफ डिस्ट्रिक्ट ज्यूडिशियरी के वैलेडिक्टरी इवेंट में शामिल हुई थीं। यहीं पर उन्होंने यह बात कही। इस इवेंट में चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ और कानून एवं न्याय के केंद्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल भी शामिल हुए। इस कार्यक्रम में मुर्मू ने सुप्रीम कोर्ट का फ्लैग और चिह्न भी जारी किया।

### मुर्मू बोलीं- न्याय की रक्षा करना सभी जजों की जिम्मेदारी

मुर्मू ने कहा कि न्यायालयों में तत्काल न्याय मिल सके इसके लिए हमें मामलों की सुनवाई को आगे बढ़ाने के कल्चर को खत्म करना होगा। इसके लिए सभी जरूरी प्रयास किए जाने चाहिए। इस देश के सारे जजों की यह जिम्मेदारी है वे न्याय की रक्षा करें। राष्ट्रपति ने कहा कि कोर्टरूम में आते ही आम आदमी का स्ट्रेस लेवल बढ़ जाता है। उन्होंने इसे 'ब्लैक कोट सिंड्रोम' का नाम दिया और सुझाव दिया कि इसकी स्टडी की जाए। उन्होंने न्यायपालिका में महिला अफसरों की बढ़ती संख्या पर खुशी भी जताई।



### राष्ट्रपति ने कहा- न्याय में कितनी देरी सही है, इस पर विचार करने की जरूरत

राष्ट्रपति ने कहा कि गांव के लोग न्यायपालिका को दैवीय मानते हैं, क्योंकि उन्हें वहा न्याय मिलता है। एक कहावत है- भगवान के घर देर है अंधेर नहीं। लेकिन आखिर कितनी देर? हमें इस बारे में सोचना होगा। जब तक किसी को न्याय मिल पाता है, तब तक उनके चेहरे से मुस्कान गायब हो चुकी होती है, कई मामलों में उनकी जिंदगी तक खत्म हो जाती है। इस बारे में गहराई से विचार करने की जरूरत है।

### न्यायपालिका की चुनौतियां को दूर करने केक लिए सभी को मिलकर काम करना होगा : राष्ट्रपति

मुर्मू ने कहा कि मुझे बताया गया है कि सही समय पर प्रबंधन, बुनियादी ढांचे, सुविधाओं, प्रशिक्षण और मैनपावर में हाल के समय में सुधार हुआ है। लेकिन इन क्षेत्रों में अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। मैं यह देखकर खुश हूं कि बीते कुछ साल में सिलेक्शन कमेटी में महिलाओं की संख्या बढ़ी है। इसके चलते सिलेक्शन कमेटी में महिलाओं की संख्या में 50% का इजाफा हुआ है। अभी हमारी न्यायपालिका के सामने कई चुनौतियां हैं, जिसके लिए सभी जिम्मेदार लोगों को मिलकर काम करना होगा। उदाहरण के तौर पर सबूत और गवाहों से जुड़े मामलों को न्यायपालिका, सरकार और पुलिस प्रशासन को मिलकर हल करना चाहिए।

## महबूबा बोलीं- बीजेपी के कहने पर ईसी ने तारीखें बदली

अब हरियाणा में 5 अक्टूबर को वोटिंग; दोनों राज्यों के नतीजे 8 अक्टूबर को आएंगे



बढ़ता राजस्थान

**श्रीनगर( एजेंसी )।** पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने रविवार (1 सितंबर) को बीजेपी और चुनाव आयोग पर चुनाव की तारीखें बदलने का आरोप लगाया। महबूबा बोली, 'चुनाव आयोग वही करते हैं जो भाजपा को सूट करता है। जब मैंने लोकसभा चुनाव लड़ा था, तो उन्होंने बेवजह वोटिंग की तारीख बदल दी थी। सब कुछ बीजेपी और उसकी अलायंस वाली पार्टियों की इच्छा के अनुसार होता है।' वहीं महबूबा मुफ्ती ने चुनाव के दौरान पुलिस अधिकारियों के ट्रांसफर को लेकर खुशी जताई। पीडीपी प्रमुख ने कहा कि उन्हें खुशी है कि सभी अधिकारी स्थानीय हैं। उम्मीद है कि वे स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराएंगे।

# गहलोत राज की एक और योजना को बदलने की तैयारी

## स्कूली बच्चों को दूध की जगह मोटा अनाज दिया जाएगा; शिक्षामंत्री बोले- जल्द करेंगे फैसला

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** राजस्थान में भाजपा सरकार गहलोत राज की एक और योजना को बदलने की तैयारी कर रही है। शिक्षा विभाग ने बाल गोपाल दूध योजना को बंद करने की तैयारी शुरू कर दी है। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा- वर्तमान हालात में बाल गोपाल योजना का फायदा सभी स्कूली स्टूडेंट्स को नहीं मिल रहा है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए शिक्षा विभाग स्कूल स्टूडेंट्स को दूध की जगह मोटा अनाज (मिलेट्स) देने पर विचार कर रहा है। शिक्षा मंत्री ने कहा- राजस्थान में बड़ी संख्या में ऐसे स्कूली स्टूडेंट्स हैं, जो पाउडर का दूध नहीं पीना चाहते हैं। उन सभी स्थानों पर समय से गुणवत्ता युक्त गाय का दूध उपलब्ध कराना संभव नहीं है। क्योंकि इसकी गारंटी नहीं है कि हर जगह गुणवत्ता युक्त गाय का दूध उपलब्ध हो। इसलिए मौजूदा हालात में लिक्विड की जगह मिलेट्स देने पर भी विचार किया जा रहा है।

### हम स्कूली स्टूडेंट्स को तंदुरुस्त करना चाहते

दिलावर ने कहा- प्रदेश की बीजेपी सरकार किसी भी सूरत में बच्चों को कुपोषित नहीं देखना चाहती है। यही वजह है कि हम पीने की जगह खाने की सामग्री पहुंचाकर स्कूली स्टूडेंट्स को तंदुरुस्त करना चाहते हैं। उन्हें पढ़ाई के साथ हर दिन सही और गुणवत्ता युक्त डाइट भी मिल सके। इसलिए जल्द ही इस योजना को लेकर भी अंतिम फैसला कर लिया जाएगा।

### 69 लाख से ज्यादा स्टूडेंट्स को दूध दिया जाता था

दरअसल, राजस्थान में कांग्रेस सरकार ने साल 2022 में कक्षा एक से आठवीं तक के स्कूली स्टूडेंट्स को स्कूलों में दूध देने के लिए बाल गोपाल योजना की शुरुआत की थी। इसके तहत प्रदेश के 69 लाख से ज्यादा स्टूडेंट्स को स्कूलों में मिड डे मील के तहत मिल्क पाउडर से बना दूध दिया जाता था। ताकि स्कूली स्टूडेंट्स को सही डाइट मिल सके। राजस्थान में मौजूदा शैक्षणिक सत्र में काफी ऐसे स्कूल हैं, जहां सही वक्त पर दूध पाउडर की सप्लाई तक नहीं हो रही है। वहीं काफी ऐसे स्कूल भी थे, जहां स्टूडेंट्स ने दूध पाउडर का बहिष्कार कर दिया था।



### स्कूलों में मोबाइल के उपयोग पर पहले रोक लगाई, फिर हटाई

स्कूलों में टीचर्स के साथ स्टूडेंट भी मोबाइल फोन का इस्तेमाल कर सकते हैं। स्टूडेंट केवल पढ़ाई के लिए ही फोन यूज करेंगे। वहीं टीचर को प्रिंसिपल या स्टाफ रूम में जाकर फोन यूज करना होगा। 6 मई 2024 को शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने प्रदेश के सभी स्कूलों में मोबाइल फोन पर प्रतिबंध लगाने का बयान दिया था। उन्होंने कहा था कि टीचर्स स्कूलों में मोबाइल का इस्तेमाल नहीं कर पाएंगे। 1 जुलाई को जब सत्र की शुरुआत हुई तो इसके आदेश जारी किए गए थे।

### स्कूल में चाकूबाजी के बाद बैग को चेक करने की गाइडलाइन

उदयपुर के स्कूल में हुए हिंसक घटनाक्रम के बाद 17 अगस्त को शिक्षा विभाग ने स्कूलों में स्टूडेंट्स को लेकर गाइडलाइन जारी की थी। इसके बाद अब स्टूडेंट्स स्कूल में धारदार हथियार, चाकू, कैंची, छुरी के साथ ही किसी तरह की नुकीली वस्तु लेकर नहीं जा सकते। इसको लेकर टीचर्स की ओर से भी लगातार स्टूडेंट्स को गाइड करने के साथ स्कूल बैग की चेकिंग करने के निर्देश दिए गए थे।

## रेल मंत्री ने दिखाया वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का मॉडल अश्विनी वैष्णव बोले- किराया राजधानी जितना होगा...

**बेंगलुरु( एजेंसी )।** केंद्रीय रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रविवार (1 सितंबर) को वंदे भारत स्लीपर ट्रेन के पहले मॉडल की झलक दिखाई। वे बेंगलुरु में भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड की फैक्ट्री में ट्रेन का निरीक्षण करने पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि अगले 3 महीने यानी दिसंबर तक वंदे भारत स्लीपर ट्रेन शुरू हो जाएगी। कोच की मेन्युफैक्क्रिंग का काम पूरा हो गया है। कुछ दिनों में यह बीईएमएल फैक्ट्री से बाहर आ जाएगी। अगले 2 महीने ट्रेन की टेस्टिंग चलेगी। इसके बाद यात्रियों के लिए ट्रेन की लॉन्चिंग होगी। रेल मंत्री ने कहा कि वंदे भारत स्लीपर ट्रेन को 800 से 1200किमी. दूरी की यात्रा के लिए तैयार किया गया है। इसमें यात्री रात करीब 10 बजे चढ़ेंगे और सुबह डेस्टिनेशन पर पहुंच जाएंगे।







सम्पादकीय कार्यालय:-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, प्रागपुरा में प्रसारित

रक्तदान महादान : अखिल भारतीय गौशाला सहयोग परिषद ने सफलतापूर्वक संपन्न कराया रक्तदान महाशिविर

# रक्त का एक कतरा किसी के भी जीवन को बचा सकता है : डॉ. अतुल गुप्ता





बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** दिनांक 1 सितंबर 2024 को अखिल भारतीय गौशाला सहयोग परिषद, सनराइज ग्रुप आफ कंपनीज़ व सांगानेर-शयोपुर विकास मंडल के सहयोग से गौऋषि स्वामी प्रकाश दास महाराज की प्रेरणा से रक्तदान महाशिविर का आयोजन कृष्णा पैराडाइज, टोंक रोड, जयपुर पर किया गया ।

इस अवसर पर राजस्थान राज्य के महामहिम राज्यपाल हरी बाबू किशन राव बागड़े ने उपस्थित जनमानस के प्रोत्साहन हेतु पधार कर इस कार्यक्रम में चार चांद लगाये । एक मानव जीवन के उत्थान हेतु यह आह्वान किया कि रक्त का एक कतरा किसी भी जरूरतमंद इंसान की जिंदगी को बचा सकता है। इस अवसर पर अखिल भारतीय गौशाला सहयोग परिषद के अंतर्राष्ट्रीय संयोजक डॉक्टर अतुल गुप्ता ने मंच की अगुवाई करते हुए उपस्थित सम्माननीय अतिथिगण जिसमें महा महिम राज्यपाल, गौ ऋषि स्वामी प्रकाश दास महाराज, राजेश सारस्वत अध्यक्ष सांगानेर-शयोपुर विकास मंडल, डॉ महेंद्र शर्मा सचिव -विज्ञान भारती, मोनिका गुप्ता सचिव- हैनिमन चेरीटेबल मिशन सोसाइटी तथा अन्य गणमान्य नागरिकों का स्वागत व आभार व्यक्त किया। राज्यपाल ने इस महाशिविर का शुभारम्भ शिविर कक्ष का फीता काटकर किया, तथा रक्तदान कर रहे कर्तव्यनिष्ठ दाताओं से मुलाकात कर शुभकामनायें भी दी। जनमानस को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सांसद मंजू शर्मा भी इस महाशिविर में उपस्थित रहीं ।अब तक 66 बार रक्त दान कर चुके देवेश कौशिक ने एक बार फिर रक्तदान कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया । इस अवसर पर गौऋषि स्वामी प्रकाश दास महाराज ने देश भक्ति के भजनों से उपस्थित जनसमुदाय को प्रोत्साहित किया तथा अधिक से अधिक संख्या में रक्त दान करने का आव्हान किया। रक्तदान के इस महाशिविर में 50 से अधिक पुलिस कर्मियों ने भी रक्तदान कर अपने कर्तव्य का पालन किया। युवा शक्ति के रूप में जगन्नाथ यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों ने भी रक्त दान में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया।

मोनिका गुप्ता के आव्हान पर स्वयं सहायता ग्रुप नारी शक्ति वंदन ने भी रक्तदान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में भानु प्रताप, रोहित पंचोली, मुकेश भारद्वाज, राधे श्याम विजयवर्गीय, कपिल लाढा, लोकेश चेतीवाल, रमेश भारद्वाज, रेखा शर्मा आदि मौजूद रहे ।

# युवक से परेशान बारहवीं कक्षा की छात्रा ने लगाया फांसी का फंदा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** मुहाना थाना इलाके में युवक से परेशान होकर एक 12वीं क्लास की छात्रा ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। जांच अधिकारी एसआई मुकेश कुमार ने बताया कि मृतक छात्रा के पिता ने आरोपित लड़के के खिलाफआत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज करवाया है। मृतका के पिता रामवतार जांगीड़ का फर्नीचर का बिजनेस है। मृतका की चार बड़ी बहने और एक छोटा भाई है। इनमें से तीन बड़ी बहनों की शादी हो चुकी है। बाकी सभी लोग घटना के वक्त घर से बाहर थे। एसआई मुकेश कुमार ने बताया कि अचरावाला सांगानेर निवासी 19 वर्षीय मोना 12वीं क्लास में पढ़ती थी। जिसने अपने कमरे में चुन्नी का फंदा लगाकर आत्तहत्या कर ली। घटना के दौरान घर पर कोई नही था। परिजनों के घर लौटने पर कमरा अंदर से लॉक मिला। काफी खटखटाने व आवाज लगाने के बाद भी मोना ने कोई जवाब नहीं दिया। पड़ोसियों की मदद से धक्का देकर गेट खोला तो मोना फंदे से लटकी मिली। मोना के पिता ने विष्णु शर्मा नाम के लड़के के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज करवाया। पुलिस जानकारी में सामने आया है कि पिछले काफी समय से घर के पास स्थित श्याम धर्मकांटा पर बैठने वाला विष्णु शर्मा नाम का लड़का उसे परेशान कर रहा था। घर से निकलने पर पीछा करने के साथ ही मोबाइल पर बात करने का दबाव बनाता था। परेशान होकर मोना ने घरवालों को विष्णु शर्मा की करतूत बताई। बेटी के आपबीती सुनाने पर पिता रामवतार जांगिड़ ने विष्णु को बैठाकर समझाया। कुछ दिन सही रहने के बाद दोबारा विष्णु ने मोना को परेशान करना शुरू कर दिया। मोना के बताने पर दोबारा विष्णु को बुलाकर समझाया था। आत्महत्या से एक दिन पहले रात को मोना ने विष्णु शर्मा के टॉर्चर करने के बारे में बताया था। मोना कह रही थी कि विष्णु शर्मा ने अभी-भी उसका पीछा नहीं छोड़ा है।

उसने बात करने के लिए मोबाइल भी उसे दे रखा है। बात नहीं करने पर पापा का एक्सीडेंट करवाने और छोटे भाई का मारने की धमकी देता है। विष्णु के धमकाने के चलते पिछले काफी दिनों से मोबाइल पर उससे बात कर रही हूं। उसके टॉर्चर से परेशान हो चुकी हूं, अब मैं और नहीं सहन कर सकती। सुबह मोबाइल लौटाकर पापा से बात करने के लिए कहा था। इसके बाद मोना को समझा कर सुला दिया था। गुरुवार सुबह मोबाइल लौटाकर आने के बाद वह डरी-सहमी लग रही थी।

# नजर सिटीजन ऐप का कमिश्नर ने किया प्रमोशन

बढ़ता राजस्थान




**जयपुर (का.स.)।** पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने रविवार को महेश नगर थाना इलाके में नजर सिटीजन ऐप का प्रमोशन किया। इस दौरान उनके साथ एडिशनल पुलिस कमिश्नर कुंवर राष्ट्रदीप,एडिशनल डीसीपी साउथ पारस जैन सहित कमिश्नरेट के अधिकारी और पुलिस जाब्ता मौजूद रहा।

महेश नगर व्यापार मंडल के सदस्यों को इस दौरान एडिशनल पुलिस कमिश्नर कुंवर राष्ट्रदीप ने बताया कि नजर सिटीजन ऐप क्यों बनाई गई है। इस के आप को कैसे फायदा होगा। वहीं, इसे कैसे इस्तेमाल करना है। इस दौरान व्यापारियों के कई सवाल किए जिसका अधिकारियों ने जवाब दिए। अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर कुंवर राष्ट्रदीप ने बताया कि नजर सिटीजन ऐप का इस्तेमाल बहुत आसान है। पहले प्ले स्टोर में जाए और नजर ऐप को इंस्टॉल करें। ऐप जैसे ही ओपन होगी गेट स्टार्ट पर क्लिक करना होगा। फिर आप के मोबाइल पर एक ओटीपी आएगा। ओटीपी डाल कर वेरीफाई ओटीपी पर क्लिक करें। ऐप आप की लोकेशन पर एक्सेस मांगेगा तो वाइल यूजिंग दी ऐप पर क्लिक करें। इस के बाद इन्फॉर्मेशन शेयर कर दें। जिस में आप का नाम, पिता का नाम ईमेल आईडी भरें है। इसके बाद नेक्ट बटन दबाने पर राज्य का कॉलम आएगा। स्टेट सेलेक्ट करें फिर सिटी सेलेक्ट करें, फिर थाना सेलेक्ट करें उसके बाद आप का पता और पिनकोड भर दें। इस के बाद आप से आईडी मांगी जाएगी। इसमें आप किसी को भी चुन सकते हैं। इसके बाद आप का प्रोसेस पूरा हो जाएगा। इस के बाद आप ऐप को दोबारा से ओपन करें। इसके बाद डैशबोर्ड पर बहुत सारे विकल्प नजर आएंगे। विकल्प को चुन कर आगे बढ़े। अगर आप मकान मालिक है तो प्रॉपर्टी के विकल्प को चुने इसके बाद बिजली के बिल पर आने वाला 12 अंकों का के नम्बर डालें,जिसके बाद एंटर प्रॉपर्टी नेम के विकल्प में अपने मकान का नाम और पूरा पता भरें। फिर अगले विकल्प में आप प्रॉपर्टी चुने, फिर एक दोबारा से राज्य शहर और थाना चुने। इसके बाद आप को अपनी प्रॉपर्टी की फोटो अपलोड करनी होगी। इसके लिए मकान की 3 अलग-अलग फोटो खींचकर अपलोड कर दे, सब्मिट पर क्लिक कर देंगे तो पुलिस को आप की जानकारी पहुंच जाएगी। इसी प्रकार से किरायेदार की जानकारी भी साझा करनी हैं।

# पेपर लीक मामला : गिरफ्तार पांच ट्रेनी एसआई छह दिन के रिमांड पर

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** सब इंस्पेक्टर भर्ती-2021 में पेपर लीक के मामले में एसओजी ने पूछताछ के बाद पांच ट्रेनी एसआई को गिरफ्तार रविवार को कोर्ट में पेश किया गया। जहां पर उन्हें छह दिन के रिमांड पर एसओजी को सौंप दिया गया। गिरफ्तार एसआई में राजस्थान लोक सेवा आयोग (आरपीएससी) के पूर्व सदस्य रामू राम राईका के बेटा-बेटी भी शामिल हैं। एसओजी ने शनिवार को राजस्थान पुलिस अकादमी (आरपीए) से इन सभी ट्रेनी एसआई को हिरासत में लिया था। एसओजी एडीजी वीके सिंह ने बताया कि सभी आरोपितों पर परीक्षा में अनुचित साधनों का उपयोग करने सहित अन्य आरोप है। पूछताछ के बाद ही आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया है। इस मामले में आगामी दिनों में और गिरफ्तारी संभव है। इस मामले में रामू राम राईका ने कहा कि राईका ने स्वीकार किया था कि एसआई भर्ती-2021 से पूर्व 2016 की आरएएस भर्ती का भी बेटा-बेटी ने एग्जाम दिया था। हालांकि वह सफल नहीं हुए थे। यूपीएससी का भी एग्जाम दिया था। एसआई भर्ती- 2021 में भी जब बैठे तो आयोग के नियमों की पालना की गई थी।इस एग्जाम में राईका की बेटी शोभा को 5वीं व बेटे देवेश को 40वीं रैंक मिली थी। रामू राम राईका जुलाई 2018 से जुलाई 2022 तक आरपीएससी के सदस्य रहे थे। सब इंस्पेक्टर भर्ती 2021 में राईका की बेटी शोभा को 5वीं और बेटे देवेश को 40वीं रैंक मिली थी। भर्ती परिणाम के बाद से ही राईका पर कई लोगों ने धांधली करने का आरोप भी लगाया था। एसओजी एडीजी ने बताया कि सब इंस्पेक्टर भर्ती 2021 में पेपर लीक के मामले में एसओजी अब तक 42 चयनित ट्रेनी एसआई और पेपर लीक गैंग से जुड़े 30 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार कर चुकी। अभी भी कई ट्रेनी एसआई एसओजी के रडार पर चल रहे हैं। एसओजी ने इसी साल अप्रैल में पहली बार इस एग्जाम से जुड़े ट्रेनी एसआई की गिरफ्तारी की थी। रविवार को गिरफ्तार सब इंस्पेक्टर में शोभा राईका, देवेश राईका, मंजू देवी, अविनाश और विजेंद्र शामिल हैं। गौरतलब है कि सब इंस्पेक्टर भर्ती 2021 पेपर लीक मामले में भजनलाल सरकार की ओर से बनाई गई एसआईटी ने 6 मार्च को आरपीए से 14 ट्रेनी एसआई को पकड़ा था। एसओजी ने एडमिट कार्ड की फोटो, परीक्षा के दौरान की गई वीडियोग्राफी और उपस्थिति रजिस्टर में किए हस्ताक्षरों की एफएसएल जांच के बाद कार्रवाई को अंजाम दिया था।

# पति ने वृंदावन जाने से मना किया तो महिला ने घर छोड़ा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** पति ने वृंदावन जाने से मना किया तो एक महिला ने घर छोड़ दिया। घटना के सम्बंध में पति ने महिला की खोह नागोरियान थाने में गुमशुदगी दर्ज करवाई है। वृंदावन जाने की जिद करने पर पति ने मना करने पर वह गुस्सा हो गई थी। पुलिस लापता महिला की तलाश कर रही है। जांच अधिकारी हेड कांस्टेबल बृज मोहन ने बताया कि जगदम्बा कॉलोनी त्रिवेणी नगर खोह नागोरियान निवासी राखी देवी उर्फ बबली (46) की गुमशुदगी दर्ज करवाई गई है। शिकायत में उनके पति हरिश चंद योगी ने बताया कि 28 अगस्त को सुबह उनकी पत्नी राखी वृंदावन मथुरा जाने की कहने लगी। बार-बार वृंदावन मथुरा जाने की जिद करने लगी। जिद करते देखकर राखी को जाने से मना कर सुबह करीब 10 बजे अपने काम पर चला गया। पीछे से गुस्से में पत्नी रेखा घर छोड़कर चली गई। बेटे के लौटने पर घर खुला मिलने के साथ राखी गायब मिली। कॉल कर बेटे के बताने पर राखी को आस-पड़ोस के साथ ही रिश्तेदारों के यहां ढूंढा, लेकिन कोई पता नहीं चल सका।

# गांजे की तस्करी करने वाला तस्कर गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल टीम (सीएसटी) ने ऑपरेशन ''क्लीन स्वीप'' के तहत बस्सी थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए मादक पदार्थ गांजे की तस्करी करने वाले एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार के पास से गांजा 03 किलो 100 ग्राम अवैध मादक पदार्थ एवं परिवहन में प्रयुक्त दुपहिया वाहन बरामद की है। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है। जयपुर पुलिस कमिश्नर पुलिस बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत सीएसटी ने बस्सी थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए मादक पदार्थ गांजे की तस्करी करने वाले नरेन्द्र जाट निवासी उच्चैन जिला भरतपुर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित नरेन्द्र यह गांजा भरतपुर के पास कारौठ गांव के रहने वाले राजवीर के पास से 24 हजार रुपये में खरीद कर जयपुर के जगतपुरा में बलराम नाम के व्यक्ति को देने जा रहा था। बलराम ने उसे स्वयं फोन कर बताया था कि जब वह जगतपुरा आ जायेगा।

माली समाज की आमसभा और सम्मान समारोह आयोजित

# रोजगार महाभियान पोस्टर की लॉन्चिंग



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** राजस्थान प्रदेश माली-सैनी महासभा (रजि.) की ओर से रविवार को मानसरोवर स्थित राज आंगन रिसोर्ट में आमसभा और सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष छुट्टन लाल सैनी ने की। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत, विशिष्ट अतिथि पूर्व कृषि मंत्री प्रभुलाल सैनी मौजूद रहे।

कार्यक्रम में पूर्व मंत्री प्रभुलाल सैनी के प्रस्ताव पर छुट्टन लाल सैनी (फूल वाले) को सर्वसम्मति से दोबारा राजस्थान प्रदेश माली-सैनी महासभा (रजि.) का अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। इससे पहले समाज के हित में छुट्टन लाल माली ने अपने इस्तीफे की पेशकश की, हालांकि समाज के ओर से उनके कार्यकाल को एक साल के लिए फिर बढ़ाया गया। कार्यक्रम के दौरान रोजगार महाभियान पोस्टर की लॉन्चिंग की गई। इससे पहले समाज के भामाशाहों का सम्मान किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा- जब घर परिवार में बैठ कर अपनी बात करते है तो आने वाले समय में वह हमारे लिए सलाह भी होती है और सलाह मशवरा होकर निर्णय होते है जो समाज के लिए हितकारी होते है। भूपेंद्र सैनी, पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी, चुरू नगरपालिका पायल सैनी, कार्यकारी अध्यक्ष सीएल सैनी, महामंत्री मनोज अमजमेरा, कोषाध्यक्ष सागर मावर, महामंत्री बाबूलाल सैनी, प्रवक्ता विनीत सांखला, महामंत्री प्रहलाद सैनी, उपाध्यक्ष भागचंद सैनी, जयपुर जिला अध्यक्ष रोशन सैनी, विष्णु सैनी, बिरदीचंद सिंगोदिया, डॉ. जीएल वर्मा, एडवोकेट इंद्रराज सैनी, आशाराम सैनी, कैलाश राज सैनी, सीता भाटी, जुगल किशोर सैनी, किशोर कुमार टांक, ओम प्रकाश सांखला पुष्कर, एडवोकेट पुष्पेंद्र कुमार सैनी, छात्र नेता किरोड़ी लाल सैनी सहित बड़ी संख्या में समाज बंधु उपस्थित रहे।

# गोल्ड मेडल विजेता कंचन का किया सम्मान



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (नि.स.)।** जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में हुई 8वीं योगा लीग में सैनी सामुहिक विवाह समिति के पूर्व ब्लाक अध्यक्ष दिलावर सिंह की पुत्रवधू कंचन सैनी ने राजस्थान का प्रतिनिधित्व करते हुए गोल्ड मेडल जीता।कोटपूतली सैनी समाज ने खैरथल पहुंचकर कंचन को चांदी का मुकुट पहनाकर महात्मा ज्योतिबा फुले, सावित्रीबाई फुले का प्रतीक प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।

पूर्व चैयरमेन शंकर लाल सैनी, प्रकाश चंद सैनी सुशीला देवी,पत्रकार बिल्लूराम सैनी, मूलचंद सैनी,मिश्रो देवी, दिलावर सिंह, भोजराज, किशन सिंह तंवर, दशरथ, पायल सैनी, खैरथल से जिला महासभा संरक्षक शेरसिंह सैनी, करण सिंह चौधरी पार्षद वार्ड नंबर 8, बुद्धाराम सैनी,विजय सैनी, मनीष सैनी,लुभावन जोशी आदि मोजूद रहें।

# श्री राजपूत सभा चाकसू पर जमवाय माता 21वीं यात्रा को लेकर बैठक का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**चाकसू (नि.स.)।** श्री राजपूत सभा चाकसू के नेतृत्व में एक दिवसीय21 वीं यात्रा 11 सितंबर को श्री राजपूत सभा चाकसू से विधिवत पूजा अर्चना करके जमवाय माता मंदिर पहुंचेगी। इस दौरान मुख्य अतिथि केंद्रीय अध्यक्ष राम सिंह चन्दलाई रहेंगे और खोल बालाजी दर्शन का भी कार्यक्रम रखा गया है। जमवाय माता यात्रा संयोजक की जिम्मेदारी भागीरथ सिंह बापूगांव को दी गई है इस दौरान श्री राजपूत सभा चाकसूअध्यक्ष अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह गरूडवासी, उपाध्यक्ष प्रह्लाद सिंह ,महामंत्री सुरेंद्र सिंह, कोषाध्यक्ष हेम सिंह राठौड़ व गोकुल सिंह राजावत, संगठन मंत्री एडवोकेट अर्जुन सिंह राजावत हिंगोनिया, सुरज्ञान सिंह बडोदिया, पूर्व पार्षद मोहन सिंह, मूल सिंह राजावत, गोपाल सिंह राजावत, नरेंद्र सिंह, शंभू सिंह, समस्त पदाधिकारीगण एवं समाज बंधु मौजूद रहे।

# भेड़-बकरियां चोरी करने वाली गैंग के छह बदमाश गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** बगरू थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए भेड़-बकरिया चोरी करने वाली गैंग के छह बदमाशों को धर-दबोचा है। साथ ही पुलिस आरोपितों के पास से वारदात में प्रयुक्त एक पिकअप भी बरामद की है। फिलहाल पुलिस आरोपितों से पूछताछ करने में जुटी है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम अमित कुमारी ने बताया कि बगरू थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए भेड़-बकरियां चोरी करने वाली गैंग वकील बंजारा,सूरज बंजारा,पांडू बंजारा,महेंद्र बंजारा,बच्चन बंजारा और बच्चे बंजारा को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी अलवर जिले रहने वाले है। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी वारदात करने के लिए गांव के बारह रास्ते के नजदीक एकांत स्थान को चोरी के लिए चिन्हित करते है। गिरफ्तार अपराधी गैंग के सदस्य गिरोह बनाकर भैंस, पांडे, भेड़ व बकरी चोरी करने की वारदात करते है। चोरी करने के स्थान को चिन्हित कर उस स्थान पर एक या दो दिन पहले पिकअप व मोटरसाइकिल से आ जाते हैं व पिकअप को हाईवे के आसपास ढाबों पर खड़ी करके मोटरसाइकिल पर सवार होकर चोरी के लिए चिन्हित किये गये स्थान पर आने व जाने वाले लोगों की रेकी करते है और रात्रि के समय उस स्थान पर कितने व्यक्ति रहते है उनकी सम्पूर्ण जानकारी करने के बाद में मध्यरात्रि के बाद चोरी करने वाले स्थान पर आकर उस स्थान पर सोये हुए व्यक्ति को आवाज लगाकर रास्ता पुछने का बहाना बनाकर अपने पास बुलाते हैं और उसको गैंग के सदस्य पकड़ कर बंधक बना लेते है और उसके परिवार में और भी कोई सदस्य जग जाता हो तो उसको भी बंधक बना लेते हैं। उसके बाद गैंग के अन्य सदस्यों को मय पिकअप के चोरी के लिए चिन्हित स्थान पर बुलाकर पशुधन चोरी कर ले जाते हैं। यदि सोया हुआ व्यक्ति आवाज लगाने पर जगता नही तो उसके पशु धन की चोरी करके ले जाते हैं।

# राजा दक्ष छात्रावास कार्यकारिणी की बैठक हुई आयोजित

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली( नि.स.)।** कस्बे के स्थानीय राजा दक्ष छात्रावास विकास समिति कार्यकारिणी की बैठक समिति व परगना अध्यक्ष बस्तीराम प्रजापत मोरदा की अध्यक्षता में मीटिंग का आयोजन हुआ द्य मीटिंग में छात्रावास व समाज उत्थान को लेकर अनेक बिंदुओं पर चर्चा हुई द्य जिसमें छात्रावास समिति द्वारा बनाए गए नियम पत्रावली के अनुसार छात्रावास में प्रवेश लेने वाले छात्रों विभिन्न प्रतियोगिताओं की तैयारी करने वाले छात्रों को अनुशासन में रहकर के तैयारी करने वाले छात्रों के लिए पत्रावली बनाई गई द्य इसके साथ ही कोटपूतली क्षेत्र परगना से आए हुए क्षेत्र के समाज बंधुओ ने अपने-अपने सुझाव रखें द्य कार्यकारिणी समिति द्वारा आगामी 10 नवंबर, रविवार को कुम्हार समाज का 16 वां छात्र-छात्राओं प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया गया द्य इस दौरान सेवानिवृत्त एसडीएम बनवारी लाल बासनीवल, मामचंद ठेकेदार, कमलेश प्रजापत ,महेश प्रजापति, राजेश प्रजापति, धर्मपाल प्रजापत, डॉ. रोहिताश प्रजापत , सावंतराम कुम्हार, गिरिराज, रामोवतार, पूरण, यादराम, बिड़दी चंद, रामोतार, कैलाश , रामकरण, हीरालाल, बद्री प्रसाद, रतिराम , दाताराम , प्रभुराम, कालूराम, साई राधेश्याम प्रजापत , मक्खन, सुरेश, कैलाश, बसंताराम, अशोक, अमीचंद, चिरंजीलाल पूतली, स्योराज, रामशरण ,कैलाश, अमीचन्द , बिडदीराम, सोणाराम ,रामकरण आदि कोटपूतली क्षेत्र परगना से आए हुए समाज बंधु मौजूद रहे।

# आश्रम एक्सप्रेस ट्रेन में रिजर्वेशन टिकट होने के बावजूद टीटी व आरपीएफ के जवानों ने बदसलूकी कर वृद्ध महिला सहित 2 बच्चों को फालना में धक्के मारकर उतारा

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर, ( विष्णुदत्त धीमान )।** अहमदाबाद से चल कर दिल्ली की ओर जाने वाली 19032 आश्रम एक्सप्रेस में 2 टिकट कलेक्टर व 1 आरपीएफ के जवान द्वारा वृद्ध महिला के साथ जलालतपूर्ण तरीके से दुर्व्यवहार कर देर रात्रि में 12 बजे फालना स्टेशन पर धक्के देकर उतार दिया। इस वृद्ध महिला के साथ दो बच्चे भी साथ में थे। वृद्ध महिला के पास पालनपुर से ब्यावर तक का टिकट खिडकी से लिया हुआ टिकट था जिसमें वेटिंग 1, 2 और 3 थी। वृद्ध महिला के साथ क्रुर्तापूर्ण जलालतपूर्ण और धक्का देकर उतारने की कार्यवाही अपने आप में एक शर्मसार करने वाली कार्यवाही थी। हालांकि वह वृद्ध महिला टिकट कलेक्टर व आरपीएफ के जवान के समक्ष गिडगिडाती रही कि मेरे द्वारा टिकट लिया हुआ है और मुझे आरएसी की सीट ही उपलब्ध करा दे। लेकिन जरा मात्र भी वृद्ध महिला पर किसी भी तरह की मानवीयता नहीं दिखाई। बल्कि मानवीयता को शर्मसार करने वाली घटना को अंजाम दिया गया। इस मामले में वृद्ध महिला की पुत्री एडवोकेट सुश्री लक्ष्मी ने उच्चाधिकारियों को शिकायत कर कार्यवाही की मांग की। ज्ञातव्य है कि गत 19 जून 2024 को जब उक्त वृद्ध महिला ने पालनपुर से अपने दो बच्चों के साथ रिजर्वेशन कोच में चढी तो उन्हें कोच में खाली सीट पर बैठकर अपना सफर तय कर रही थी। इसी बीच टिकट कलेक्टर ने उनका टिकट देखा और उन्हें रिजर्वेशन कोच से उतरने और अन्य जनरल कोच में जाने की हिदायत दी। लेकिन ट्रेन के रूकने जितने समय में वह जनरल कोच तक पहुंच पाने में असमर्थ थी। गम्भीर बात तो यह है कि महिला के साथ 2 बच्चे भी थे। आखिर उन्हें धक्का देकर एक ओर नये टिकट कलेक्टर को बुलाकर आरपीएफ के जवान से आश्रम एक्सप्रेस के रिजर्वेशन कोच से उतार दिया। वृद्ध महिला व बच्चें काफी देर तक प्रतिक्षा मे खडे रहे और बाद में सडक मार्ग के माध्यम से ब्यावर तक का अपना सफर तय किया। उक्त घटना को लेकर वृद्ध महिला की पुत्री एडवोकेट सुश्री लक्ष्मी ने टिकट कलेक्टर व भारतीय रेलवे सुरक्षा बल के रेल मण्डल अजमेर के आयुक्त और वाणिज्यिक विभाग के उच्चाधिकारियों के समक्ष पेश होकर एडवोकेट सुश्री लक्ष्मी ने शिकायत कर उन तीनों कर्मचारियों पर कार्यवाही की मांग की।

# झाग सरपंच पर कार्य पूर्ण करा लेने के बाद भुगतान नहीं करने का आरोप, ठेकेदार ने उच्चाधिकारियों को की शिकायत

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर, ( विष्णुदत्त धीमान )।** मसुदा पंचायत समिति झाग ग्राम पंचायत की सरंपच अफसाना पुत्री सुभान ने वर्ष 16-17 में करवाये गये कार्यो का भुगतान ठेकेदार को नहीं कर रहीं हैं। इस मामले की शिकायत विकास अधिकारी मसुदा व जिला परिषद के अधिकारियों को लिखित में दी हैं। ठेकेदार कमरूद्दीन काठात ने बताया कि सरपंच अफसाना के भाई जो सरपंच प्रतिनिधि के रूप में कार्य कर रहे हैं उन पर मारपीट करने और हाथ पैर तोडने की धमकी दे रहे हैं। कमरूद्दीन काठात सप्लायर ने विकास अधिकारी और जिला परिषद के अधिकारियों को लिखित शिकायत देते हुये कहा कि तत्कालीन ग्राम विकास अधिकारी हेमराज मीणा, झाग ग्राम पंचायत के सरपंच प्रतिनिधि यासीन ने मौखिक आश्वासन देकर बगैर निविदा के कुछ कार्य पंचायत में संपादित करवाये। उन्होंने बताया कि निविदा के जन कल्याणकारी कार्य बिना निविदा के होंगे व उनका भुगतान पंचायत निविदा व माप पुस्तिका के अनुरूप किया जायेगा। प्रार्थी सप्लायर व ठेकेदार कमरूद्दीन से वर्ष 17-18 से कार्य पूर्ण करा लेने के बाद उसका भुगतान आज तक नहीं किया और गुमराह कर धोखे में रखते हुए लगभग सम्पूर्ण कार्य सम्पादित करवा लिया। ठेकेदार कमरूद्दीन काठात बार-बार लगभग 5 लाख से अधिक के भुगतान की मांग कर रहे हैं लेकिन ना तो मसुदा के विकास अधिकारी के कानों पर जूं चल रही है और ना ही जिला परिषद के अधिकारी ही इसमें अपनी रूचि दिखा रहे हैं। ठेकेदार कमरूद्दीन अपनी जुतियां घिसते-घिसते हुए तंग आ गया हैं और अब वह सभी अधिकारियों के खिलाफ नामजद याचिका कोर्ट में दायर करने की तैयारी मे जुटा हैं। श्री काठात ने कहा कि आगामी 15 दिनों के भीतर भुगतान नहीं किया गया तो वह न्यायालय में याचिका दायर कर उच्चाधिकारियों पर सरपंच के साथ सांठ-गाठ कर पैसे नहीं देने का आरोप लगाते हुये कोर्ट में याचिका दायर करेंगे।

# तारपुरा जलदाय विभाग की अनदेखी से आमजन परेशान

बढ़ता राजस्थान

**तारपुरा( नि.स. )।** ग्राम पंचायत में जलदाय विभाग की अनदेखी के चलते व्यवस्था सुचारू रूप से नहीं है दादिया तारपुरा मुख्य सड़क पर हरिराम मंदिर के पास पाइप लाइन पिछले 10 दिनों से टूटी हुई है रोजाना आम रास्ते में पानी का बहन हो रहा है, हजारों लीटर पानी रोज व्यर्थ बह रहा है लेकिन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं । हरिजन मोहल्ले में लीकेज की समस्या बनी हुई है इसके अलावा पंचायत भवन के पास भी पाइपलाइन टूटी हुई है इनके अलावा गांव में कई स्थानों पर पाइपलाइन टूटी हुई होने से पीने का पानी आम रास्तों में व्यर्थ बह रहा है । बार-बार विभाग को इस संबंध में शिकायत करने पर भी कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। गांव में जलदाय विभाग के ट्यूबलों की भी स्थिति बड़ी दयनीय है । राजकीय सीनियर माध्यमिक विद्यालय के ट्यूबवेल में पानी की सप्लाई सही नहीं हो रही है ।मनसा माता मंदिर के पास स्थित ट्यूबवेल में भी पानी की समस्या है गहराई होने के कारण पानी बहुत कम दे रहा है । स्थानीय कर्मचारियों का कहना है कि विभाग के पास सामान उपलब्ध नहीं होने के कारण व्यवस्था सुचारू नहीं है। इस समस्या से आमजन परेशान है। गांव की सरपंच संतरा देवी का कहना है कि गांव में ट्यूबवेल खराब हो जाने पर 8 10 दिन तक ठीक नहीं होते हैं जिससे आम उपभोक्ता परेशान रहता है। लीकेज की समस्या से गांव के मुख्य सड़कों की स्थिति खराब हो गई है जगह-जगह पानी का बढ़ाव रहता है लीकेज ठीक करने के लिए रोड तोड़ने कर ठीक कर दिया जाता है। लेकिन रोड़ो को रिपेयर नहीं किया जाता है जिससे जगह-जगह गड्ढे बने हुए हैं ।

# शिवसेना राजस्थान राज्य प्रमुख का एकदिवसीय उदयपुर दौरा 5 को

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** शिव सेना राज्य उप प्रमुख रविराज सोनी ने बताया कि आगामी 5 सितम्बर 2024 को शिवसेना राजस्थान राज्य प्रमुख लखन सिंह पंवार का एक दिवसीय दौरे पर उदयपुर पंहुचेंगे। जिसमें उदयपुर जिले के सभी पदाधिकारीयों से मिलने के बाद आगामी कार्यक्रमो के बारे में चर्चा करेंगे एवं देवराज मोची के घर पर परिवार जनों से मिलने जायेंगे।

# खेलों से होता है आपसी मेलजोल व टीम भावना का विकास : जिला कलक्टर सत्यानी

बढ़ता राजस्थान




**चूरू ( सुरेश शर्मा )।** जिला कलक्टर पुष्पा सत्यानी ने कहा है कि खेलों से आपसी मेलजोल व टीम भावना का विकास होता है। खेलों से ही व्यक्ति का सामाजिक, शारीरिक, नैतिक, मानसिक सहित सर्वांगीण विकास संभव है। जिला कलक्टर सत्यानी शनिवार को जिला मुख्यालय स्थित जिला खेल स्टेडियम में हॉकी के महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की स्मृति में आयोजित किए जा रहे खेल सप्ताह के समापन समारोह में संबोधित कर रही थीं।

जिला कलक्टर सत्यानी ने मेजर ध्यानचंद के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर भारतीय खेल प्राधिकरण के वरिष्ठ टेबल टेनिस प्रशिक्षक रमेश पूनिया, एपीआरओ मनीष कुमार, भारोत्तोलन प्रशिक्षक सीताराम प्रजापत, प्रभुदयाल बुरड़क मंचस्थ रहे। जिला खेल अधिकारी प्रकाश राम गोदारा ने अतिथियों का स्वागत किया। जिला कलक्टर ने टेबल टेनिस प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग में प्रथम रहे आदविक जैन, द्वितीय रहे हिमांशु राठौड़, तृतीय रहे प्राजंल व सीनियर वर्ग में प्रथम रहे आदित्य भार्गव, द्वितीय रहे कुलदीप व तृतीय रहे हितेश कस्वां तथा खेलो इंडिया सेंटर के उत्कृष्ट खिलाड़ी गगनदीप राठौड़, अमन खान, रौनक, नविता सैनी को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। खेलो इंडिया सेन्टर के प्रशिक्षक राहुल पीपलवा एवं अल्पकालीन टीटी प्रशिक्षक राजेश वर्मा ने निर्णायक भूमिका निभाई। संचालन शारीरिक शिक्षक शिशपाल बुडानिया ने किया। इस अवसर पर मनीष राठौड़, सुरेन्द्र प्रजापत, सुनिल रक्षक, करणवीर सिंह, कवीन्द्र सिंह, अजय ढाका, संदीप मील, नजीर खान, हितेश जैन, नगेन्द्र राठौड़, सुधीर, शेर सिंह सहित खिलाड़ी उपस्थित रहे।

**जिला खेल स्टेडियम की व्यवस्थाओं का लिया जायजा :** इस मौके पर जिला कलक्टर ने जिला खेल स्टेडियम में एथलेटिक्स ट्रेक, शूटिंग रेंज, बॉस्केटबॉल मैदान, तीरंदाजी एरेना सहित व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिला खेल अधिकारी प्रकाश गोदारा ने स्टेडियम की व्यवस्थाओं तथा खेल गतिविधियों की जानकारी दी।

# सेवा गौरव सम्मान से सम्मानित हुए 30 शिक्षक

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** रोटरी क्लब उदयपुर दृष्टि और रोटरी क्लब उदयपुर अशोका द्वारा रविवार को अशोका पैलेस के मधुश्री बैंक्वेट हॉल में शहर के 30 शिक्षकों को की असाधारण सेवाओं और योगदान के लिए सेवा गौरव सम्मान-2024 से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के प्रति निस्वार्थ सेवा और समर्पण के लिए शिक्षकों को सम्मानित करना था। क्लब की अध्यक्ष डॉ. दृष्टि छाबड़ा ने बताया कि कार्यक्रम में शिक्षकों की सेवाओं का महत्व और उनकी समाज निर्माण में भूमिका पर विशेष चर्चा की गई। यह आयोजन समाज के प्रति सेवा के महत्व को रेखांकित करता है और लोगों को प्रेरित करता है कि वे भी समाज के उत्थान में अपना योगदान दें। समारोह में शिक्षकों ने भी अपने अनुभव साझा किये। इस अवसर पर संरक्षक डॉ. स्वीटी छाबड़ा, रोटरी क्लब अशोका अध्यक्ष गिरीश राजानी, संस्थापक अध्यक्ष मुकेश माधवानी, हंसराज चौधरी, महेंद्र पाल सिंह छाबड़ा, सुनीता सिंघवी, वैशाली मोटवानी, ओम दवे, हंसिका चड्ढा और अन्य सदस्य इस कार्यक्रम में उपस्थित थे। सहायक गवर्नर जयेश पारिख और शशिकांत गुप्ता ने अपने विचार रखें।

# व्यापारी से लूट के दो आरोपी गिरफ्तार, एक की तलाश जारी



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर, ( नि.स. )।** शहर के एक प्रसिद्ध मोबाइल व्यापारी साथ गुरुवार देर रात हुई लूट की वारदात का पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया। थाना प्रभारी सुरेश चोधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि शुक्रवार 30 अगस्त को मोबाइल व्यापारी कटारिया कॉलोनी निवासी भागचंद उर्फ काऊ ने एक शिकायत दर्ज कर बताया था कि 29 अगस्त गुरुवार को वह रात में वह दुकान मंगल कर स्कूटी पर घर जा रहा था। उसी दौरान घर से कुछ दूरी पर ही बाइक पर सवार होकर आए तीन युवकों ने अचानक उसका रास्ता रोक लिया। इसके बाद उन युवकों ने उसके गले से सोने की चैन तथा जेब में रखा एक आई काड लुटकर फरार हो गए। शिकायत मिलने पर जिला पुलिस अधीक्षक नरेंद्र सिंह चौधरी के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हिमांशु जांगिड़ के निर्देशन में पुलिस उपाधीक्षक राजेश कसाना के सुपरविजन में पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

वारदात में शामिल गायत्री कॉलोनी निवासी 24 वर्षीय मनीष साहू और गांधीनगर गणेशपुरा निवासी 20 वर्षीय ललित को गिरफ्तार कर लिया गया। तीसरे युवक के बारे में जांच की जा रही है। आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हें दो दिन के पुलिस रिमांड पर सौंप दिया गया है। अब पुलिस व्यापारी से लूटी गई सोने की चेन और अन्य सामान की बरामदगी के प्रयास कर रही हैं।

# अनन्त चतुर्दशी के विशाल चल समारोह पर महाप्रसाद वितरण के आयोजन को लेकर चित्तौड़ महोत्सव समिति की तैयारी बैठक आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ ( नि.स. )।** खरड़ेश्वर महादेव मंदिर पर अनन्त चतुर्दशी के विशाल चल समारोह पर महाप्रसाद वितरण के आयोजन को लेकर चित्तौड़ महोत्सव समिति की तैयारी बैठक रखी गई। चित्तौड़ महोत्सव

समिति के प्रवक्ता रमेश पारीक ने बताया की समिति के संस्थापक अध्यक्ष सुनील ढीलीवाल ने अध्यक्षता करते हुए कहा कि विगत 12 वर्षों से महाप्रसादी का आयोजन लगातार किया जा रहा है। महाप्रसादी में लगभग पचास हजार श्रद्धालुओ के लिए महाप्रसाद का आयोजन किया जाता रहा? है, इस बार पचास हजार से भी अधिक लोगो के लोगो के लिए महाप्रसाद वितरण किया जायेगा। ढीलिवाल ने कहा कि उक्त आयोजन चित्तौड़गढ़ ही नहीं पूरे राज्य में अपनी एक मिसाल कायम कर चुका है, यह सब समिति के सभी सदस्यो के समपर्ण भाव से सम्मभव हुआ है। ढीलीवाल ने सदस्यों से आह्वान किया कि समिति में समपर्ण भाव से कार्य करने वाले अधिक से अधिक सदस्य जोड़े ताकि यह आयोजन और नई ऊंचाइयों पर पंहुचे। बैठक से पूर्व समिति के संस्थापक अध्यक्ष सुनील ढीलीवाल के पिताश्री भगवती लाल ढीलीवाल के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। सुनील ढीलीवाल,गोपाल बाहेती,गोविंद बजाज, मुकेश नाहटा,नरेंद्र महात्मा, रमेश लड्ढा,कैलाश सोनी, दिलीप सोनी, गोपाल मोची, देव शर्मा शैलेंद्र रांका,रवि जैन, कमलेश तोषनीवाल, उमेश अग्रवाल, मुकेश छाजेड,सुरेंद्र ट्रेलर, डूंगर सिंह हाडा,रमेश पारीक,कमलेश सिंघवी, बद्री काबरा आदि उपस्थित थे।

# माहेश्वरी समाज का अध्यक्ष बनने पर राजेश बिरला का किया स्वागत

बढ़ता राजस्थान



**कोटा ( का.स. )।** माहेश्वरी समाज के अध्यक्ष बनाए जाने पर राजेश बिरला का मेवाडा कलाल संस्था के अध्यक्ष विकास मेवाडा के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया। राजेश बिरला का माल्यार्पण कर, साफा बांधकर स्वागत किया गया। राजेश बिरला के नेतृत्व में पूर्व में भी समाज ने कई बडी उपलब्धियां हांसिल की है और एक बार फिर से उन्हें अध्यक्ष बनाए जाने पर समाज में हर्ष है, साथ ही उनके सम्पर्क के सभी संगठन और संस्थाओं ने भी हर्ष जताया है। विकास मेवाडा ने इस दौरान कहा कि राजेश बिरला माहेश्वरी समाज के गौरव हैं और निरंतर अपनी मेहनत, लगन और व्यवहार से समाज और संस्थाओं को निरंतर आगे बढा रहे हैं। इस अवसर पर महिला मंडल की नवनियुक्त अध्यक्ष पूनम मेवाड़ा, मेवाड़ा कलाल संस्था के संयोजक महेंद्र मेवाड़ा, कार्यकारिणी सदस्य राजीव मेवाड़ा अशोक मेवाड़ा, भाजपा महिला मोर्चा की दादाबाडी मंडल अध्यक्ष जैस्मिन मेवाड़ा, ज्ञानवंती मेवाड़ा, ज्योति मेवाडा, पीयूष मेवाड़ा पुलकित मेवाड़ा एवं मेवाड़ा समाज के कई लोग उपस्थित थे। इस अवसर पर राजेश बिरला ने कहा की मेवाड़ा कलाल समाज की हर संभव मदद का प्रयास किया जाएगा।

# हैप्पी होम स्कूल ने मनाया 50 वां स्थापना दिवस समारोह




बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** प्रतापनगर स्थित हैप्पी होम उच्च माध्यमिक विद्यालय ने अपना 50 वां स्थापना दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस उपलक्ष्य में हैप्पी होम स्कूल प्रबंधक की ओर से अभिभावकों के लिए मार्चिंग टू वर्ड्स 3 जी पेरेन्टिंग नामक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ.गायत्री तिवारी (प्रो. एच.ओ.डी.मानव विकास और परिवार पूर्व राष्ट्रीय तकनीकी संयोजक (सम्पूर्ण भारत) ने की जबकि मुख्य अतिथि प्रख्यात लेखक,कलाकार रांटरी क्लब वसुधा के सदस्य डॉ. श्रीनिवासन अय्यर थे। इस अवसर पर डॉ.गायत्री तिवारी ने अभिभावक व बच्चों के मध्य संबंध, वर्तमान समय में बच्चों की मानसिक स्थिति पर वार्तालाप किया और अभिभावकों को सकारात्मक पेरेन्टिंग के गुर सिखाएं तथा कार्यक्रम में अभिभावकों के प्रश्नों का भी समाधान किया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ.श्रीनिवासन ने अभिभावकों के समक्ष बालक बालिकाओं में भेद न कर समान रूप से कार्य करने को प्राथमिकता दी ताकि वर्तमान परिप्रेक्ष्य में परिवार में सन्तुलन बना रह सकु। विद्यालय के संस्थापक डॉ.जगदीश अरोडा द्वारा विद्यालय की 49 वर्षो की उपलब्धियों के बारें में बताया, जिसमें एक छोटे से कमरे से विद्यालय का शुभारम्भ हुआ और आज वट वृक्ष बन गया।

विद्यालय की एकेडमिक ड्रायरेक्टर डॉ.सुषमा अरोड़ा ने अभिभावको एवं अध्यापकों के सहयोग की सराहना की। कार्यक्रम का संचालन कविता अहीर एवं शालिनी मेहता एवं धन्यवाद कल्पना चौबीसा द्वारा दिया गया।

# रामगढ़ क्षेत्र में मेडिकल दुकानों का किया गया निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. योगेन्द्र शर्मा ने बताया कि ऑपरेशन ब्लैक थंडर के तहत शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामगढ व आसपास के मेडिकल स्टोर्स का औचक निरीक्षण किया गया। उन्होंने बताया कि मुस्कान मेडिकल स्टोर अवैध लैब एवं क्लिनिक संचालन, मनन मेडिकल स्टोर के पीछे बिना वैध दस्तावेज व कार्मिक के लैब का संचालन करना पाया गया। इसी प्रकार सीफा मेडिकल स्टोर द्वारा दस्तावेज नहीं दिखाए जाने व दुकान के पास लैब का संचालन किया जाना, एडवासं मेडिकल स्टोन द्वारा अवैध लैब व क्लिनिक का संचालन, अग्रवाल सोनोग्राफी सेंटर पर लैब का संचालन व बिना किसी दस्तावेज एवं प्रशिक्षित कार्मिक के बिना संचालित होने पर औषधि नियंत्राण अधिकारी को इन दुकानों के विरूद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

# सुप्त आत्मा को जाग्रत करने के लिए होता है पुर्यषण पर्व का आगमन : संयम ज्योति

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** साध्वी जयप्रभा की सुशिष्या साध्वी डॉ. संयम ज्योति ने कहा कि पर्युषण पर्व आत्म शुद्धि, आत्म सिद्धि और आत्मावलोकन कर पर्व है।

यह पर्व संदेश देता है कि पूरे एक वर्ष बाद आया हूँ तुम्हारी सुप्त आत्मा को जाग्रत करने के लिए। यह स्वर्णिम अवसर है भौतिकता से आध्यात्मिकता में, अंधकार से प्रकाश में, भोग से योग में असंयम से संयम में जाने के लिए। साध्वी संयम ज्योति ने कहा कि पर्युषण तन मन और धन के प्रदूषण को समाप्त करता है। तन व्याधि मंदिर, तन व्याधियों का मंदिर है। तप के द्वारा तन की व्याधियों के प्रदूषण को दूर किया जा सकता है।

मन के कषाय और वासनाओं के प्रदूषण को सकारात्मक भावों से दूर कर सकते हैं। धन के प्रदूषण को धन का बेस्ट यूज करके दूर कर सकते हैं। साध्वी ने कहा कि पर्युषण पर्व को कई नामों से जाना जाता है वो नाम ही उनकी विशेषताओं प्रकट करते हैं। पर्युषण को लोकोत्तर पूर्व, क्षमापर्व, समवत्सरी और आत्मलक्षी पर्व के नाम से जाना जाता है। यह पर्व आत्मा को आत्मा के गुणों से श्रृंगारित करने का पर्व है।

# अखिल भारतीय वैश्य महासंगठन ने मनाया नंदोत्सव, बेस्ट राधा-कृष्ण प्रतियोगिता में अंजलि और कृति खंडेलवाल विजेता

बढ़ता राजस्थान



**अंता ( नि.स. )।** अंता में अखिल भारतीय वैश्य महासंगठन ने नंदोत्सव मनाया। अध्यक्ष रिंकी मेहता ने बताया कि संगठन की महिलाओं ने कृष्ण छठ के दिन भजन कीर्तन, नृत्य संगीत, जन्माष्टमी थीम पर वन मिनट गेम, हाउजी और अल्पाहार के साथ कान्हा जी की झांकी सजाकर धूमधाम से उत्सव मनाया।महामंत्री मेघा खंडेलवाल ने बताया कि इस अवसर पर बेस्ट राधा कृष्ण प्रतियोगिता में अंजलि खंडेलवाल और कृति खंडेलवाल को पुरस्कृत किया गया। वन मिनट गेम में नेहा खंडेलवाल अमृता घीया और वंदना खंडेलवाल विजेता रही । बाल रूप कान्हा की छवि में में काक्ष खंडेलवाल और नव्या खंडेलवाल ने धूम मचाई। कार्यक्रम शीला गोयल, रश्मि गोयल, रेखा मेहता, रेनू गोयल, रोशनी खंडेलवाल, सीमा गोयल,सुमन रावत, लीलावती सिंघल, अक्षिता मेहता के सहयोग से सफलतापूर्वक धूमधाम से संपन्न हुआ।

# आरक्षण वर्गीकरण के निर्णय पर वंचित समाज करेगा स्वागत रैली

बढ़ता राजस्थान

चित्तौड़गढ़( नि .स .)। वंचित अनुसूचित जाति, जनजाति समाज चित्तौड़गढ़ द्वारा माननीय सुप्रीम कोर्ट के आरक्षण वर्गीकरण के निर्णय दिनांक 1 अगस्त, 2024 के समर्थन में एक बैठक आहुत की गई। बैठक की अध्यक्षता सत्यनारायण रजक ने की, मुख्य अतिथि विनोद मल्होत्रा एवं विशिष्ट अतिथि गोपाल भील, घनश्याम गन्धर्व, नकुल गांछा, ललित भांड थे। बैठक में लिये निर्णयानुसार समस्त वंचित अजा, जजा समाज द्वारा आगामी 11 सितम्बर को प्रात: 10 बजे किला रोड़ स्थित अम्बेडकर प्रतिमा पर एकत्र होकर बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर रैली के रूप में कलेक्ट्रेट पहुँच कर राज्यपाल व मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा जिसमें माननीय सुप्रीम कोर्ट के निर्णय पर धन्यवाद व आभार जता कर राज्य सरकार द्वारा शीघ्र ही इस निर्णय को लागू करने की मांग की जाएगी। बैठक में वंचित अनुसूचित जाति, जनजाति के सुरेश कोदली, भवानी शंकर, शिवनारायण मल्होत्रा, निर्मल देसाई, रणजीत लोठ, अरूण कंडारा, विजय चौहान, दिलीप बेनीवाल, राजेश लोठ, विश्वनाथ टांक, राजेश कंडारा, राजेश कोदली, अजय रजक, राजकुमार गांछा, अर्जुन ढोली, रविकांत राय, ओमप्रकाश लोठ, नरेन्द्र लोठ, राजन मल्होत्रा, भंवर सिंगोलिया, घनश्याम लोठ, राधाकिशन टांक, रतन लोठ, शिव कोदली, गोपेश कोदली, तरूण लोठ, प्रकाश राठौड़, अजय लोठ, पंकज लोठ, संतोष टांक, सहित समाज की कई गणमान्य जन उपस्थित रहे। यह जानकारी राजेश लोठ ने दी।

## सम्पादकीय

### भारत-चीन सीमा विवाद पर कड़वाहट दूर करने की पहल, बीजिंग को दिखाना होगा लचीला रुख

भारत और चीन के बीच विवादित सीमा क्षेत्रों में शांति और स्थिरता बहाल करने के मकसद से बेजिंग में हुई परामर्श और समन्वय के लिए कार्यतंत्र यानी डब्लूएमसीसी की इकतीसवीं बैठक निस्संदेह आशाजनक कही जा सकती है। इस बैठक में दोनों पक्षों ने इस बात पर जोर दिया कि सीमा पर तनाव को कम करने और लंबित मुद्दों का समाधान खोजने के लिए ऐसी बातचीत बेहद जरूरी है, जो स्पष्ट, रचनात्मक और भविष्य की जरूरी संभावनाओं के प्रति उन्मुख हो।

यह बैठक दरअसल, पिछले महीने दोनों देशों के विदेश मंत्रियों की आसियान और शंघाई शिखर सम्मेलन के दौरान हुई मुलाकातों में सीमा विवाद को सकारात्मक ढंग से निपटाने को लेकर बनी सहमति के आधार पर बुलाई गई थी। यों भारत-चीन सीमा विवाद पुराना है, मगर चार साल पहले गलवान घाटी में दोनों देशों के सैनिकों के बीच हुए संघर्ष के बाद कड़वाहट बढ़ गई थी। वह तनाव अभी पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है। तब से लेकर अब तक इसे सुलझाने के लिए राजनयिक और सैन्य स्तर की कई बैठकें हो चुकी हैं। ताजा बैठक उसी की कड़ी थी। इसे सकारात्मक रुख माना जाना चाहिए कि चीन ने कभी सीमा विवाद को सुलझाने के लिए बातचीत से खुद को अलग नहीं किया। कुछ मौकों पर तो खुद चीन के सैन्य अधिकारियों ने भी बैठक बुलाई और उसके सकारात्मक नतीजे भी देखने को मिले। अगर चीन सचमुच सीमा पर शांति और स्थायित्व का पक्षधर है, तो उससे लचीले रुख की अपेक्षा स्वाभाविक है। दरअसल, अनेक मौकों पर देखा गया है कि बैठकों में तो चीन के अधिकारी सकारात्मक रुख जाहिर करते हैं, पर व्यवहार में वहां की सेना विस्तारवादी नीतियों पर आगे बढ़ती नजर आती है।

भारत की शिकायत अभी अपनी जगह बनी हुई है कि चीन ने भारत के हिस्से वाले भूखंड पर नजर गड़ाई हुई है। कई जगह उसने अवैध निर्माण तक की कोशिश की है। राजनीतिक स्तर पर भी चीन की रणनीति भारत को चारों तरफ से घेरने की ही देखी जाती रही है। वह भारत के पड़ोसी देशों में अपनी पैठ बना कर एक तरह से भारत पर सामरिक शिकंजा कसने का प्रयास करता देखा जाता है। दो देशों के रिश्ते पारदर्शिता पर ही टिकाऊ और स्थायी बन सकते हैं। ऐसा नहीं हो सकता कि विश्व मंचों और औपचारिक बैठकों में तो रचनात्मक संबंधों की जरूरत पर बल दिया जाए और व्यवहार में संदेह पैदा करने वाली गतिविधियां चलाई जाएं। पाकिस्तान, श्रीलंका, नेपाल और बांग्लादेश में उसने आर्थिक सहयोग के नाम पर जैसी गतिविधियां चलानी शुरू की हैं, वे भारत के लिए किसी भी रूप में रचनात्मक नहीं कही जा सकतीं। हिंद-प्रशांत क्षेत्र में दबदबा कायम करने के लिए चीन ने जिस तरह की सामरिक बाड़बंदी की है, वह भी भारत के लिए चिंता का विषय है। इन सबके बावजूद भारत व्यापारिक मामलों में चीन का एक बड़ा सहयोगी है। इसलिए केवल कूटनीतिक स्तर पर समन्वय का आदर्श पेश करने के बजाय जब तक वह व्यावहारिक धरातल पर भारत के मामले में विस्तारवादी नीतियों का त्याग नहीं करेगा, इसके सकारात्मक नतीजे निकलने मुश्किल बने रहेंगे।

# 'स्त्रीधन', जिसे वापस नहीं माँग सकते, उसकी महिला ही मालकिन

**अदालत ने कहा, 'इस न्यायालय द्वारा विकसित न्यायशास्त्र के तहत स्त्री (पत्नी या पूर्व पत्नी) 'स्त्रीधन' की एकमात्र स्वामी है। इसमें कहा गया है कि पति का इस पर कोई अधिकार नहीं है और इसी से यह निष्कर्ष निकाला जाना चाहिए कि जब तक बेटी जीवित, स्वस्थ और अपने 'स्त्रीधन' की वसूली के लिए कदम उठाने के फैसले लेने में पूरी तरह सक्षम हो, तब तक इस पर पिता का भी कोई अधिकार नहीं है। पीठ ने कहा, हम पाते हैं कि कानून ऐसी स्थिति के लिए प्रावधान करता है जहाँ एक महिला कानूनी रूप से अपनी पसंद के व्यक्ति को कोई भी ऐसा कार्य करने के लिए अधिकार दे सकती है, जिसे वह स्वयं कर सकती है। पावर ऑफ अटॉर्नी अधिनियम, 1882 की धारा 5 के 'विवाहित महिलाओं की पावर ऑफ अटॉर्नी' का प्रावधान है। कोर्ट ने माना कि पिता-पुत्री के बीच इस तरह का कोई एग्रीमेंट नहीं था।**

रामस्वरूप रावतसरे

सुप्रीम कोर्ट के अनुसार 'स्त्रीधन' महिला की विशिष्ट संपत्ति है और उसके पिता महिला की स्पष्ट अनुमति के बिना उसके ससुराल वालों से स्त्रीधन की वसूली का दावा नहीं कर सकते। जस्टिस जेके माहेश्वरी और जस्टिस संजय करोल की पीठ ने एक तलाकशुदा महिला के पिता द्वारा दर्ज कराई गई एफआईआर को खारिज कर दिया। इसमें महिला के पूर्व ससुराल वालों से उसके 'स्त्रीधन' (उपहार और आभूषण) को वापस दिलाने की माँग की गई थी। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि यह नहीं माना जा सकता कि विवाह के समय दिया जाने वाला दहेज और पारंपरिक उपहार दुल्हन के सास-ससुर को सौंप दिया जाता है और इस पर दहेज निषेध अधिनियम 1961 की धारा 6 के प्रावधान लागू होंगे। इस धारा में प्रावधान है कि विवाह के संदर्भ में किसी महिला के अलावा किसी अन्य व्यक्ति द्वारा प्राप्त किया गया कोई भी दहेज एक निश्चित अवधि के भीतर उस महिला को हस्तांतरित किया जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि ऐसा दहेज, जब तक हस्तांतरित नहीं किया जाता, महिला के लाभ के लिए ट्रस्ट के रूप में रखा जाएगा। इसे हस्तांतरित न करने की स्थिति में कारावास और/या जुर्माने का प्रावधान है। न्यायालय ने कहा, बोब्बिली रामकृष्ण राजा यादाद एवं अन्य बनाम आंध्र प्रदेश राज्य मामले में इस न्यायालय ने माना है कि विवाह के समय दहेज और पारंपरिक उपहार देने से यह अनुमान नहीं लगाया जा सकता कि ऐसी वस्तुएँ माता-पिता-ससुर को सौंपी गई हैं, जिससे दहेज निषेध अधिनियम 1961 की धारा 6 के तत्व आकर्षित होते हैं।

न्यायालय ने कहा कि महिला के तलाक के पाँच साल से अधिक समय के बाद और उसके दोबारा विवाह करने के तीन साल बाद दर्ज की गई एफआईआर में कोई दम नहीं है। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने पिता द्वारा दर्ज कराई गई एफआईआर को रद्द कर दिया। दरअसल, शिकायतकर्ता ने अपनी बेटी के पूर्व ससुराल वालों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई, जिसमें उन पर उसका 'स्त्रीधन' रोकने का आरोप लगाया था।पिता ने आरोप लगाया था कि साल 1999 में उसकी बेटी की शादी के समय उसे 40 कसुला सोना और अन्य सामान शामिल दिया गया था। बेटी ने साल 2016 में अपने पति को तलाक दे दिया था और 2018 में संयुक्त राज्य अमेरिका में दोबारा शादी कर ली थी। पिता ने बेटी के पूर्व ससुराल वालों के खिलाफ जनवरी 2021 में मामला दर्ज करके इस स्त्रीधन को वापस दिलाने की माँग की थी। विवाहित महिलाओं को मिलने वाले 'स्त्रीधन' को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि स्त्रीधन किसी दंपत्ति (पति एवं पत्नी) की संयुक्त संपत्ति नहीं बन सकता। यह पत्नी का धन होता है और पति का अपनी पत्नी की संपत्ति पर कोई अधिकार नहीं है। पति इस धन का इस्तेमाल संकट के समय कर सकता है, लेकिन उसे उसे वापस करना होगा। स्त्रीधन से संबंधित एक वैवाहिक विवाद का निपटारा करते हुए सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस संजीव खन्ना और दीपांकर दत्ता की खंडपीठ ने कहा कि पूरे स्त्रीधन पर सिर्फ



महिला का अधिकार है। कोर्ट ने कहा कि उसके विवाह से पहले, विवाह के दौरान या विवाह के बाद महिला को दिए गए उपहार जैसे कि पैसा, आभूषण, जमीन, बर्तन और माता-पिता, सास-ससुर, रिश्तेदारों और दोस्तों से मिले अन्य उपहार स्त्रीधन हैं। पीठ ने कहा, यह एक स्त्री की पूर्ण संपत्ति है, जिसे वह अपनी मर्जी से इस्तेमाल करने का पूरा अधिकार रखती है। पति का उसके स्त्रीधन पर कोई नियंत्रण नहीं है। वह अपने संकट के समय इसका इस्तेमाल कर सकता है, लेकिन उसका नैतिक दायित्व है कि वह इसे या इसके मूल्य को अपनी पत्नी को लौटाए। यह संयुक्त संपत्ति नहीं है। स्त्रीधन पर पति का मालिक के रूप में कोई अधिकार या स्वतंत्र प्रभुत्व नहीं है। अदालत ने कहा कि यदि स्त्रीधन का दुरुपयोग किया जाता है तो किसी व्यक्ति या उसके परिवार के सदस्यों पर आईपीसी की धारा 406 के तहत आपराधिक विश्वासघात का मुकदमा चलाया जा सकता है। कोर्ट ने यह भी कहा कि ऐसे मामलों में विवाद का निबटारा आपराधिक मामलों की तरह उचित संदेह से परे सबूत के आधार पर नहीं, बल्कि संभावनाओं की अधिकता के आधार पर किया जाना चाहिए। दरअसल, केरल की रहने वाली एक महिला ने आरोप लगाया था कि जब वह शादी करके ससुराल आई तो पहले ही दिन उसके पति ने उसके सारे गहने छीन लिए। जब दोनों के बीच रिश्ता खराब हो गया और अलग होने का फैसला लिया तो उसने पति से अपने गहने वापस माँगे, लेकिन पति ने वो गहने उसे नहीं दिए। इसके बाद इसे वापस पाने के लिए पारिवारिक न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। इस मामले में साल 2009 में एक पारिवारिक न्यायालय ने महिला के पक्ष में फैसला सुनाया और उसके पति को उसे 8.9 लाख रुपए देने का आदेश दिया। हालाँकि, इस फैसले के खिलाफ पति केरल उच्च न्यायालय चला गया। हाई कोर्ट ने पारिवारिक न्यायालय के आदेश को रद्द कर दिया और कहा कि पत्नी यह साबित करने में विफल रही कि उसका स्त्रीधन उसके पति ने छीन लिया था। महिला ने इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी। साक्ष्यों की जाँच के बाद सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पारिवारिक अदालत का फैसला सही था। हाई कोर्ट ने अदालत में देरी से आने के लिए महिला की ईमानदारी पर संदेह करके गलती की। शीर्ष न्यायालय ने निर्देश दिया कि पारिवारिक अदालत के फैसले के 15 साल बीत गए हैं। इसलिए पति अपने पत्नी को अब 25 लाख रुपए का भुगतान करे। क्या होता है स्त्रीधन? आधुनिक कानून बनने से पहले देश में महिलाओं को संपत्ति का अधिकार नहीं था। उसकी शादी-विवाह में जो दहेज दी जाती थी, उसे उसका हिस्सा मान लिया जाता था। अब महिलाओं को तमाम तरह के अधिकार दिए गए हैं। हालाँकि, महिलाएँ अपने पिता की संपत्ति में आज भी हिस्सा नहीं माँगती और दहेज के रूप में पिता से मिली रकम और शादी खर्च को ही अपना हिस्सा मान लेती हैं। हालाँकि, समय के साथ सोच में बदलाव हुआ है। इसके पीछे कानून में बदलाव एक महत्वपूर्ण कारण है। अब बेटियों को अपने पिता की संपत्ति में भाइयों की तरह ही बराबर का अधिकार है। इसके साथ ही ससुराल के धन में भी उसके अधिकार निर्धारित किए गए हैं। इसके अलावा, कानून में उसे अन्य कई तरह के अधिकार दिए गए हैं। हिंदू कानूनों में इनकी विस्तृत चर्चा है। इन्हीं में से एक है स्त्रीधन की अवधारणा। हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम 1956 के अधिनियम के तहत महिलाओं को 'स्त्रीधन' का पूर्ण मालिक बताया गया है। हिंदू कानून के तहत स्त्रीधन में चल या अचल, किसी तरह की संपत्ति हो सकती है। स्त्रीधन में महिला की शादी से पहले, शादी के दौरान और शादी के बाद मिली संपत्ति को शामिल किया गया है। शादी से पहले अगर महिला को माता-पिता या किसी अन्य रिश्तेदार आदि से उपहार में मिली संपत्ति स्त्रीधन है। इसी तरह शादी के दौरान शादी के दौरान मिली संपत्ति एवं उपहार भी स्त्रीधन है। उसके बच्चे के जन्म के दौरान बच्चे को जो उपहार या संपत्ति मिलती है, वह स्त्रीधन मानी गई है। अगर शादी के बाद महिला के पति की मौत हो जाती है तो उसे विधवा के रूप में जो उपहार या संपत्ति मिलती है, वह स्त्रीधन है। यहाँ स्त्रीधन और स्त्री की संपत्ति में अंतर है। स्त्रीधन वह संपत्ति है, जिसे महिला अपने अनुसार खर्च कर सकती है या अपनी इच्छा के अनुसार उसके स्वामित्व का हस्तांतरण कर सकती है। इसी तरह, जिस संपत्ति पर महिलाओं की सीमित शक्ति होती है, जिसका उपयोग तो किया जा सकता है, लेकिन उसकी इच्छानुसार उसका हस्तांतरण (अधिकार का बदलाव) नहीं किया जा सकता वह स्त्री संपत्ति है। स्त्रीधन दहेज से अलग होता है। स्त्रीधन में महिला को उसके परिवार, उसके पति और उसके पति के परिवार द्वारा दिए जाने वाले स्वैच्छिक उपहार शामिल होते हैं। यह जोर-जबरदस्ती या किसी दबाव में नहीं दिया जाता है। यह कानून सम्मत है। दूसरी ओर, दहेज विशेष रूप से विवाह के लिए लेनदेन से जुड़ा हुआ है। दहेज भारत में दहेज निषेध अधिनियम 1961 के तहत निषिद्ध है।

प्रतिभा रानी बनाम सूरज कुमार के ऐतिहासिक मामले में सुप्रीम कोर्ट ने दहेज और स्त्रीधन के बीच अंतर स्पष्ट किया है। इस मामले में याचिकाकर्ता महिला को दहेज के लिए परेशान किया गया और उसे ससुराल वालों ने घर से निकाल दिया। उसने धारा सीआरपीसी की धारा 125 के दायर की। इसे पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय ने खारिज कर दिया। हालाँकि, सुप्रीम कोर्ट ने इस निर्णय को पलट दिया।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**

काम की भागदौड़ के कारण परिजनों के प्रति ध्यान नहीं दे पाएंगे। हानिकर विचार, वर्तन और आयोजन से दूर रहें। पेट से संबंधित परेशानी हो सकती है। कहीं जाने का कार्यक्रम आज हो सकें, तो टाल दें। सरकारी कार्यों में सफलता प्राप्त होगी।

**वृष**

नौकरी में पदोन्नति होगी। गृहस्थ जीवन में भी आनंद का वातावरण छाया रहेगा। व्यापार के उद्देश्य से कहीं बाहर भी जाना हो सकता है। आज स्वास्थ्य कुछ नरम-गरम रहने की संभावना है। शारीरिक रूप से आलस्य की भावना रहेगी।

**मिथुन**

आज आपको अपने उग्र स्वभाव पर संयम रखने की जरूरत है। शारीरिक और मानसिक रूप से शिथिलता का अनुभव होगा। अधिक परिश्रम के बावजूद अपेक्षित सफलता नहीं मिलेगी। संतान के विषय में आपको चिंता हो सकती है।

**कर्क**

क्रोध की मात्रा अपेक्षाकृत अधिक रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आज आपके अहम को कोई चोट न पहुंचे और आपका किसी से झगड़ा न हो, इसका ध्यान रखें। शारीरिक रूप से शिथिलता और मानसिक रूप से चिंता बनी रहेगी। आंखों में पीड़ा होने की संभावना है।

**सिंह**

आर्थिक दृष्टिकोण से सावधानी बरतने का समय है। आज नकारात्मक मानसिकता के साथ व्यवहार न करें। शारीरिक और मानसिक रूप से आप अस्वस्थ रहेंगे। मन में दुख और असंतोष की भावना हो सकती है।

**कन्या**

पारिवारिक वातावरण अनुकूल नहीं रहेगा। परिजनों के साथ गलतफहमी न हो इसका ध्यान रखें। अभ्यास में अभिरुचि होते हुए भी विद्यार्थियों को अपेक्षित परिणाम नहीं प्राप्त होगा। अनैतिक प्रवृत्तियों से दूर रहें। धन का अधिक खर्च होगा। मायके से लाभदायी समाचार प्राप्त होंगे।

**तुला**

आज आप दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास के साथ काम कर सकेंगे। इस काम का फल भी आपको अपेक्षानुसार मिलेगा। सरकारी क्षेत्र में लाभ होगा तथा आर्थिक व्यवहार करने में सफलता प्राप्त होगी।

**वृश्चिक**

नई परियोजना की शुरुआत के लिए आज दिन शुभ है। सरकार की ओर से लाभ मिलने संभावना है। छोटे प्रवास का आयोजन हो सकता है। दोस्तों, करीबियों या पड़ोसियों के साथ पुरानी अनबन की घटना में सकारात्मक परिणाम आएगा।

**धनु**

मित्रों और स्वजनों के साथ वैचारिक स्तर पर मनमुटाव हो सकता है। स्वभाव में उग्रता और क्रोध की भावना रहेगी। धार्मिक काम में धन का खर्च होगा। धन का आकस्मिक व्यय हो सकता है। विवाद या झगड़े से हर संभव दूर रहें।

**मकर**

आपके लिए आज का दिन शुभफलदायी होगा। मित्रों के पीछे खर्च भी होगा और उनसे लाभ भी प्राप्त होगा। किसी प्रवास या पर्यटन स्थल पर जाने से दिन रोमांचक बन जाएगा। मानसिक रूप से भी चिंता बनी रहेगी।

**कुंभ**

विवाहोत्सुक लोगों को जीवन साथी प्राप्त होने के योग हैं। रुचिकर भोजन प्राप्त होगा। आज का दिन आप के लिए शुभ फलदायी होगा। व्यावसायिक स्थल पर वातावरण अनुकूल रहेगा। काम में सफलता प्राप्त करने में आसानी होगी।

**मीन**

आज आप में आत्मविश्वास की अधिकता रहेगी। किसी भी काम को करने के लिए जल्दबाजी से नुकसान हो सकता है। पिता और बड़ों से लाभ होगा। वाणी और व्यवहार उग्रता न हो, इसका ध्यान रखें। विविध क्षेत्रों में मिलने वाले लाभ से आपकी प्रसन्नता में वृद्धि होगी।

## शख्सियत

नमस्कार साथियो आज हमारी शख्सियत कॉलम के स्टार हैं। राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारी श्री ओपी जैन। व्यक्तित्व की क्या बात करें व्यक्तित्व इतना सरल की सामने वाला उनका अपना होकर रह जाए हमेशा मुस्कान बिखेर थे और बहुत बेहतरीन से प्रशासनिक सेवाओं को अंजाम देते खूबसूरत कर्तव्यनिष्ठ अधिकारी के रूप में उन्होंने अपने वजूद को बनाया हुआ है। सुदुर सीमावर्ती क्षेत्र थार से 1998 में राजस्थान प्रशासनिक सेवा में चयन का सफर आसान नहीं था क्योंकि आज से 30 वर्ष पूर्व इतने संसाधन, साधन एवं मार्गदर्शन उपलब्ध नहीं था। कक्षा X, XI, XII में राजस्थान बोर्ड की मैरिट से बी. काम में महर्षि दयानंद वि.वि. अजमेर में स्वर्ण पदक तदुपरान्त स्ट्रीम (कामर्स से आर्ट्स) एवं विश्व विद्यालय (MDS अजमेर से राजस्थान वि.वि. जयपुर) बदलकर लोक प्रशासन में स्नात्तकोत्तर की डिग्री स्वर्ण पदक सहित प्राप्त की। RAS से पूर्व कस्टम उत्पाद कर शुल्क विभाग में सेवाएँ देने के उपरान्त 1997 में राजस्थान लेखा सेवा में चयन एवं इसके उपरान्त 1998 में RAS बने। 8 अलग-अलग (पाली, घाटोल बांसवाड़ा, भीम, जालोर, ओसियां, नादौती एवं गंगापुर सिटी) जैसे स्थानों पर उपखंड अधिकारी के रूप में सेवाएँ दी। पाली, नादौती एवं गंगापुर सिटी में S.D.M. कार्यकाल के दौरान किए गए कार्यों के लिए लोग आज भी याद करते है। जिला परिषद, जैसलमेर का वर्ष 2003 से 2005 तक अति. मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं 2012 से 2014 के मध्य आयुक्त, नगर निगम जोधपुर का ग्रामीण एवं नगरीय विकास का खट्टा-मीठा अनुभन इनके प्रोफाईल को पूर्ण बनाते है। भरतपुर जैसे संवेदनशील स्थल पर लगातार 54 माह तक अति. जिला कलक्टर(प्रशासन) रहने का रिकॉर्ड भी इन्हीं के नाम है जो राजस्थान में आज तक बरकरार है।अलवर में अगस्त 2018 से मार्च 2019 के दौरान अति. जिला कलक्टर (प्रथम) के रूप में विधान सभा चुनाव कराने का चुनौती पूर्ण दायित्व का निर्वहन किया। बेहद संवेदनशीलता का परिचय देते हुए शांतिपूर्ण चुनाव सम्पन्न करवाए। ऐसा कोई अधिकारी या कर्मचारी नहीं देखा जो इनका आदर न करता हो। अलवर एडीएम प्रथम के पद पर रहते हुए मैने भी इनसे भाई के नाते बहुत कुछ सीखा है। अतिरिक्त आयुक्त देवस्थान विभाग राजस्थान राज्य के चार वर्ष के कार्यकाल ने इनके भीतर आध्यात्मिक एवं करूणा के भाव कूट-कूट कर भर दिए। राजस्थान राज्य के अतिरिक्त निदेशक खान विभाग में रहने के उपरान्त वर्तमान



**ओ.पी.जैन**
(राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारी)

में जय नारायण विश्व विद्यालय, जोधपुर के रजिस्ट्रार के पद कार्यरत है। जिसमें 2 लाख विद्यार्थी एनराल है। पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति के आँसू पोछने हेतु राजस्थान सरकार की नीतियों को पूर्ण समर्पण भाव से लागू कर आम आदमी को राहत देना जीवन का ध्येय है। भगवान महावीर के 'जियो और जीने दो को अपने जीवन में चरितार्थ करते हुए 'परिस्परोग्राह जीवानाम् एवं अनेकांत को अपने जीवन में धारण कर आत्मा के त्रिआयामी अस्तित्व एवं कर्मवाद के सिद्धान्तों में अटूट विश्वास रखते है। मैं व्यक्तिगत तौर पर ऐसे सरल सहज और संवेदनशील अधिकारी को सैल्यूट करता हूं दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम उनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है ।

**जय हिंद**

## आज का इतिहास

### 2 सितंबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- अकबर ने 1573 में गुजरात फतह किया।
- लंदन में 1666 को भीषण आग लगने से छह लोगों की मौत हुई और दस हजार इमारतें नष्ट हो गयी।
- फ्रांस के राजा लुई चौदहवें की 1715 में मौत हुई, उन्होंने कुल 72 साल तक शासन किया।
- पहले अमेरिकी युद्ध पोत 'हाना' का जनरल जॉर्ज वाशिंगटन ने 1775 में जलावतरण किया गया।
- अमेरिका में 1789 को राजस्व विभाग बनाया गया।
- अंग्रेजो ने 1798 में हैदराबाद के निजाम के साथ समझौता किया।
- ब्रिटेन और उसमानी शासन की सेनाओं के निरंतर आक्रमण के बाद 1801 में फ्रांस की सेना पराजित हुई और उसे मिस्र से निकलना पड़ा।
- भूस्खलन के कारण 1806 में स्विटजरलैंड का एक पूरा शहर बर्बाद हो गया।
- इंग्लैंड का माओरी युद्ध 1865 में समाप्त हुआ।
- नीदरलैंड के हारलेम नेथ में 1867 को पहला गर्ल्स स्कूल खोला गया।
- जापान में 1877 को सत्सुामा विद्रोह दबाया गया।
- स्पेन अमेरिका युद्ध में 1898 को पहली बार ऑटोमेटिक मशीन गन का इस्तेमाल किया गया।
- अमेरिका में 1903 को पहली हर्ली डेविसन बाइक का व्यावसायिक तौर पर निर्माण किया गया।
- इटली और यमन में 1926 को हुए समझौते के तहत लाल सागर तट पर इटली का वर्चस्व कायम हुआ।
- 'क्वेश्चन मार्क' नामक विमान ने 1930 में यूरोप से अमेरिका के लिए बिना कहीं रुके पहली बार उड़ान भरी।
- जापान द्वारा हार स्वीकार कर लिए जाने के बाद 1945 में छह साल तक चला दूसरा विश्व युद्ध समाप्त हुआ।
- हो ची मिन्ही ने 1945 में स्वतंत्र वियतनाम गणराज्य की स्थापना की।
- जवाहर लाल नेहरू के उप सभापतित्व में अंतरिम भारत सरकार का गठन 1946 में हुआ।
- संयुक्त राष्ट्र आयोग ने 1949 को कोरिया में गृहयुद्ध भडकने की चेतावती दी।
- हैदराबाद से सौ किलोमीटर दूर जडचेराला और महबूब नगर के बीच 1956 में पुल ढ़हने से 125 लोगों की मौत।
- सोवियत संघ क्यूबा को 1962 में हथियार देने पर राजी हुआ।
- अमेरिका के न्यूयॉर्क में 1969 को पैसे निकालने वाली मशीन ऑटोमैटिक टैलर मशीन (ए.टी.एम.) को पहली बार दुनिया के सामने पेश किया गया।


विशेष आलेख

# वैचारिक सिद्धांत और विचारधारा सदैव समाज के दिग्दर्शक मार्गदर्शक रहे हैं

संजीव ठाकुर

विचार और सिद्धांत व्यक्ति के अंदर की अत: प्रज्ञा होती है। और यह सिद्धांत तथा अंत: विचारधारा जनमानस तक पहुंचने से बाधित किया जाए अंतरात्मा को प्रभावित करती है और इसके गहरे प्रभाव से व्यक्ति वह सब कर सकता है जो बिना मार्गदर्शन के व्यक्ति नहीं कर सकता। प्राचीन काल से अब तक वैचारिक सिद्धांत और विचारधारा सदैव समाज के दिग्दर्शक मार्गदर्शक रहे हैं। इनकी भूमिका सदैव महत्वपूर्ण रही है।यदि यही सिद्धांत और अंत:प्रज्ञा जनमानस आत्मसात कर लेता है, तो इसका प्रभाव एक जन आंदोलन का रूप ले लेता है और यहीं से युग परिवर्तन की लहर प्रस्फुटित होती है। प्राचीन यूनान में एक बहुत ही कुरूप किंतु विद्वान व्यक्ति सुकरात हुआ करते थे,उनके विचारों में मौलिकता,नयापन जनजागृति की अद्भुत क्षमता थी। उनकी विद्वता के कारण आम जनमानस होने राजा से ज्यादा महत्व और बुद्धिमान मानते थे। राजकीय तानाशाही के चलते उनके विचारों के कारण उनको मृत्युदंड दे दिया गया। जहर का प्याला पीने के बाद भी विद्वान, चिंतक, सुकरात अमर हो गए, उनकी विचारधारा आज भी जीवित है, एवं लोग उसे अपनाकर अपना जीवन सुधारने में इसका उपयोग करते हैं। अब्राहम लिंकन ने अमेरिकी स्वतंत्रता के बाद दास प्रथा के बारे में कहा था कि दास भी मनुष्य हैं, उन्हें भी उतना ही जीने का अधिकार है जितना स्वामी को है। अब्राहम लिंकन के आंदोलनकारी विचार से तत्कालीन समय में अमेरिका के लोग घबरा गए थे,और उनकी हत्या कर दी गई थी। पर अब्राहम लिंकन के विचारों ने दास प्रथा के उन्मूलन की अंतर आत्मा को जागृत कर दिया था, और जनमानस ने अपने अधिकारों के लिए लड़ते हुए दास प्रथा से मुक्ति पाई थी।

स्वामी विवेकानंद जी ने कहा था कि हम जो सोचते हैं वही बन जाते हैं। विचार एवं सिद्धांत ही व्यक्ति का निर्माण करता है। वही दुष्ट होने या महान होने का निर्णायक है। और बिना विचारों सिद्धांतों के व्यक्त व्यक्ति का अस्तित्व ही नहीं । विवेकानंद जी के विचार सर्व कालीन प्रासंगिक है। उनके विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने उनके जीवित रहते हुए थे। आज हमारे बीच विवेकानंद जी स शरीर मौजूद नहीं है, पर उनके विचारों की महत्ता कायम है।भौतिक शरीर के नष्ट हो जाने से और भौतिक विचार तथा सिद्धांत उतनी ही तीव्रता रखते हैं, वेग रखते हैं, जो एक समाज में परिवर्तन ला सकती है ।विचारों की यह अमरता तथा तीव्रता किसी भी तानाशाह के लिए इतनी खतरनाक है, जितनी की सुप्त शेर की गुफा में रहना। जनता के मध्य शुद्ध विचारधारा के जागृत होने पर क्रांति लाई जा सकती है। फिर चाहे वह फ्रांस के वर्साय के महल का विध्वंस हो अथवा भारत की स्वतंत्रता हेतु वृहद आंदोलन हो। व्यक्ति या व्यक्तियों के दबाव को दबाने के बाद विचारों की पीड़िता ने जनसामान्य को एक गरजते हुए सिंह में



तब्दील कर दिया था। यह शाश्वत सत्य है कि व्यक्ति को जरूर आप दबा सकते हैं,पर विचारधारा सिद्धांत अजर अमर होते हैं,और वही युग निर्माण में अपनी महती भूमिका निभाते हैं। विचारों के संदर्भ में कहा जाता है कि एक व्यक्ति का विचार तब तक उस व्यक्ति के पास है, जब तक वह अकेला है किंतु जैसे ही विचारधारा एवं सिद्धांत का प्रचार प्रसार होता है, तो वह व्यक्ति अकेला ना रह कर उस जैसे हजारों लाखों लोग उसके साथ हो जाते हैं। तब वह अकेला नहीं रह जाता। वह अपने विचारों के माध्यम से जन सामान्य को प्रभावित कर लोगों को उस लड़ाई में शामिल कर लेता है, जिस लड़ाई के वह कभी अकेले नहीं लड़ सकता था। विचारों सिद्धांतों की तीव्रता आवेश तथा सघनता किसी भी क्रांतिकारी लक्ष्य की प्राप्ति में एक बड़ा साधक हो सकता है। विचार व सिद्धांत एक से दूसरे व्यक्ति तक स्थानांतरित होते रहते हैं। जिसमें विचारों को सघनता प्राप्त होती है। ताकि सत्ता के दमन के समय वैचारिक अमरता स्थाई बनी रहे। चीन उत्तर कोरिया जैसे राष्ट्रों में विचारों के इस स्वतंत्र का प्रवाह को बाधित नियंत्रित कर दिया गया। अभिव्यक्ति के तमाम माध्यमों को प्रतिबंधित कर दमन चक्र चलाया गया। वहां विचार और सिद्धांत विद्वान व्यक्ति तक ही सीमित रहे उसका फैलाव या विस्तार नहीं हो पाया। जो मानव समाज तथा मानव अधिकारों की संवेदना तथा धाराओं का उल्लंघन भी है। किसी स्वस्थ,स्वतंत्र राष्ट्र के लिए व्यक्ति समाज और राष्ट्र के विचारों की स्वतंत्रता नवीनता तथा उत्कृष्टता अत्यंत आवश्यक है। क्योंकि विचारधारा और सिद्धांतों को रोक पाना किसी भी सत्ता या निरंकुश राजा के नियंत्रण में नहीं होता। विचारों और सिद्धांत अनादि काल से गतिशील है तथा अनंत तक जगत तक गतिशील रहेंगे,और उसका प्रतिपादक एवं अनुशीलन कर्ता विचारों के साथ अमर हो जाते हैं।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक फोन नं.01432-244881 निवाई 01438-222201,202,203 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.9414823448 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार


# रामकथा महोत्सव की हुई पूर्णाहुति



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. )।** महेश सेवा सदन में भारत विकास परिषद एवं श्री राम कथा महोत्सव आयोजन समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित नो दिवसीय श्री रामकथा महोत्सव की पुर्णाहुति हुई। महेश सेवा सदन में 24 अगस्त से भव्य कलश यात्रा के साथ महोत्सव का शुभारम्भ हुआ था। इस नो दिवसीय कथा महोत्सव के दौरान व्यासपीठ से कोलकाता से सुविख्यात रामकथा वाचक संत श्री शंभू शरण जी लाटा ने अपनी मधुर वाणी में रामकथा का रस बरसाया। भारत विकास परिषद के प्रवक्ता दिनेश विजय ने बताया कि आयोजन में आम जन सहयोग से जुटाई राशि व्यय के बाद बची हुई सम्पूर्ण राशि को श्री गोपाल गौशाला को दान दी जाएगी। आयोजन समिति अध्यक्ष ओम सोनी, परिषद अध्यक्ष रामजीलाल शर्मा व व्यवस्थापक रामबाबू परतानी सहित आयोजन से जुड़े सभी लोगो ने महोत्सव के सफल आयोजन में दिए प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष सहयोग से प्रति आभार प्रकट किया है। रविवार को कथा के अन्तिम कथा का आरम्भ महाआरती के साथ हुआ। जिसमें व्चवस्थापक रामबाबू सुनील परतानी अपने परिवार जनो तथा परिषद सरंक्षक एडवोकेट राजकुमार जैन ने आरती का लाभ प्राप्त किया।

# भरथला रोड से कांटोली व रामनगर रोड के डामरीकरण करवाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने विधायक वर्मा को सौंपा ज्ञापन



बढ़ता राजस्थान

**निवाई( का.स. )।** गांव कांटोली के ग्रामीणों ने विधायक निवास पर विधायक रामसहाय वर्मा को भरथला रोड से कांटोली व रामनगर रोड के डामरीकरण करवाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा है। ग्रामीणों ने विधायक वर्मा को अवगत कराया कि पुरानी सीट में कच्चा आम रास्ता दर्शाया गया है। जिस पर ग्राम पंचायत द्वारा ग्रेवल रोड का कार्य हो रखा है परंतु जगह-जगह बरसात से गड्ढे हो गए हैं जिससे दुपहिया व चोपहिया वाहन के आने जाने का आम रास्ता अवरुद्ध हो रहा है। वही गांव में राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय 1985 से संचालित है। लेकिन स्कूल सडक नही है। जिससे विद्यालय में जाने वाले छात्र-छात्राओं सहित अधिकारी व क्रमचारियों को भी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के मौसम में आम रास्ता खराब होने के कारण चारों तरफ पानी भर जाने से डिलीवरी व बीमार व्यक्तियों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तक ले जाने में भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं ग्राम पंचायत नोहटा जाने पर भी बिच में नदी पड़ती है। जिसमें वर्षा के मौसम में कई दिनों तक नदी में पानी अधिक आने के कारण आवागमन बंद हो जाता है। ग्रामीणों ने उक्त समस्याओं का समाधान करवाने व सडक का डामरीकरण करवाने की मांग की है। जिस पर विधायक रामसहाय वर्मा ने ग्रामीणों की समस्याओं का चार दिवस में समाधान करवाने का आश्वासन दिया व मौके पर ही पीडब्ल्यूडी के उच्च अधिकारियों से बातचीत कर समस्याओं का समाधान करवाने के निर्देश दिए। ज्ञापन देने वालों में कन्हैयालाल गुर्जर, कजोड़मल गुर्जर, हेमराज गुर्जर, हरनाथ गुर्जर, हनुमान गुर्जर, वार्ड पंच रतिराम जाट, गिर्राज शर्मा, धोलू मीणा व बाबूलाल शर्मा सहित सैकड़ो ग्रामीण मौजूद थे।

# समस्याओं का समाधान करवाने की मांग को लेकर विधायक रामसहाय वर्मा को सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**निवाई( का.स. )।** कृषि विभान से अनुदान पर मिलनें वाले समस्त आदान स्थानीय जीएसएस के माध्यम से दिलवाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने विधायक रामसहाय वर्मा को ज्ञापन सौंपा है। ग्रामीणों ने बताया कि राज्य सरकार के कृषि विभाग द्वारा अनेक योजनायें किसान हित में संचालित है। कृषि विभाग के माध्यम से कृषकों को अनुदान उपलब्ध कराना होता है। जिनको सहकारिता विभाग द्वारा संचालित ग्राम सेवा सहकारी समितियों द्वारा कृषि विभाग की सिफारिशानुसार दिया जाता है। जिससे वर्तमान में किसानों को विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड रहा है। पीपलू तहसील मुख्यालय जिला मुख्यालय से लगभग 35.40 किमी व अन्य गांव करीब 50 किमी की दूरी स्थित है। जहां से किसान को अजुवान का आदान करने में परिवहन व्यय के साथ-साथ समय का भी नुकसान होता है एवं कई बार अनुदान से भी ज्यादा परिवहन व्यय हो जाता है। जिससे किसान को राहत के बजाय ज्यादा आर्थिक नुकसान हो रहा है। किसानों ने विधायक वर्मा से किसानों को जयपुर जिले की तर्ज पर समस्त आदान स्थानीय ग्राम सेवा सहकारी समिति के माध्यम से दिलवानें की मांग की है। ताकि किसान को वास्तविक लाभ व समय पर उपलब्ध हो सके। इसी प्रकार ग्रामीणों ने कृषि विभाग से मिलनें वाला आदान उच्च गुणवत्तापूर्ण दिलवाने एवं अनाज का सेम्पल जांच के दौरान फेल होने पर किसान से वसूली गई हिस्सा राशि वापिस दिलवाने, पीपलू में तहसील मुख्यालय, पंचायत समिति व किसान सेवा केन्द्र का भवन निर्माण करवाने। बरसात से खरीफ फसल खराबा का अनुदान दिनवाने सहित कई समस्याओं का समाधान करवाने की मांग की है। जिस पर विधायक वर्मा ने ग्रामीणों को सभी समस्याओं का शीघ्र समाधान करवाने का आश्वासन दिया।

# बेहतर सड़कों से ग्रामीण अर्थव्यवस्था मज़बूत होगी : दिया कुमारी

बढ़ता राजस्थान

**टोंक ( का.स. )।** उपमुख्यमंत्री एवं सार्वजनिक निर्माण विभाग मंत्री दिया कुमारी ने टोंक जिले में लगभग 61.5 करोड़ रू की लागत की लगभग 120.28 किलोमीटर ग्रामीण सड़कों को मंजूरी प्रदान की है ।उप मुख्यमंत्री ने बताया कि बजट घोषणा 2024-25 की क्रियान्विति में यह स्वीकृति जारी की गई है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क नेटवर्क मज़बूत होने से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मज़बूती मिलेगी ।गांवों की शहरों से बेहतर कनेक्टिविटी होने से किसान अपने उत्पाद बड़े बाज़ारों में बेच सकेंगे, जिससे उन्हें बेहतर दाम मिलेंगे।

# नशे में धुत थाना प्रभारी ने कार से दंपति को मारी टक्कर

## दंपति को टक्कर मारने से ग्रामीणों में आक्रोश, थाना प्रभारी को निलंबित करने की मांग पर अड़े रहे ग्रामीण

**नासिरदा पुलिस थाना प्रभारी के विरुद्ध अपने ही थाने में मामला दर्ज हुआ**

**ग्रामीणों की मांग पर पुलिस ने की थाना प्रभारी की कर जप्त**

बढ़ता राजस्थान

**देवली ( गोविंद सिंह सेठी )।** देवली उपखंड के नासिरदा उप तहसील में थाना प्रभारी की कार की टक्कर से दंपति बुरी तरह घायल हो जाने से ग्रामीण आक्रोशीत हो उठे। और मामला गंभीर होता चला गया। ऐसे में ग्रामीणों की मांग पर थाना प्रभारी के विरुद्ध मामला दर्ज होने के साथ ही थोड़ी राहत मिली लेकिन ग्रामीण थाना प्रभारी के निलंबन की मांग करते रहे। इसको लेकर नासिरदा उप तहसील पुलिस छावनी में तब्दील हो। गई ।

मामला यह सामने आया कि शनिवार की बीती रात को 10 बजे करीब नासिरदा पुलिस थाने के नवनियुक्त थाना प्रभारी अरविंद लक्षकार की कार से एक बाइक सवार दंपति को टक्कर लग गई। इस दुर्घटना से पीड़ित दंपति ने आरोप लगाया कि थाना प्रभारी अरविंद लक्ष्कार नशे में धुत होकर कार चला रहे थे। इस दौरान कार अनियंत्रित होकर पीड़ित दंपति की बाइक से जाकर भिड़ि। जिससे बाइक चालक रामप्रसाद धाकड़ के पैर में फ्रैक्चर हो गया है। इस दौरान ग्रामीणों की मदद से घायल





रामप्रसाद धाकड़ को देवली के निजी चिकित्सालय में भर्ती करवाया दिया गया । वही रामप्रसाद की पत्नी काली देवी की ओर से इस मामले में थाना प्रभारी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पीड़ित की पत्नी ने रिपोर्ट में आरोप लगाते हुए पुलिस को बताया कि शराब के नशे में चूर थाना प्रभारी ने गलत साइड में कार चला कर बाइक को टक्कर मारी और इसके बाद दंपति से दुर्व्यवहार किया। इस घटना की सूचना से ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। ऐसे में रविवार सुबह ग्रामीणों ने पुलिस थाने के बाहर जाम लगा दिया। वही थाना प्रभारी को तुरंत निलंबित किए जाने की मांग पर अड़ गए। इस घटना की सूचना पर पुलिस उप अधीक्षक रामसिंह मौके पर पहुंचे। उन्होंने पीड़ित पक्ष की रिपोर्ट पर नासिरदा थाना प्रभारी के विरुद्ध प्राथमिक की दर्ज करने के निर्देश दिए। लेकिन इसके बावजूद ग्रामीणों का विरोध प्रदर्शन नहीं थमां । यहां ग्रामीणों ने मांग रखी कि जब तक थाना प्रभारी को निलंबित नहीं किया जाता तब तक वह विरोध प्रदर्शन बंद नहीं करेंगे। इस दौरान दोपहर बाद ग्रामीण पुलिस थाने के सामने टेंट लगाकर बैठ गए और धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। इस मामले में बढ़ता आक्रोश देखकर पुलिस उपाधीक्षक राम सिंह जाट ने आला अधिकारियों को उक्त मामले की जानकारी दी। इस पर देवली, दूनी, घाड़, नासिरदा, टोंक, मालपुरा, झिराना समेत 7 थानों की पुलिस को जाप्ता सहित तैनात करवा दिया गया। इसके अलावा पुलिस उपाधीक्षक समेत कई पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी कानून व्यवस्था के साथ प्रदर्शनस्थल पर मौजूद रहे है।

इस दौरान पुलिस की ओर से ग्रामीणों के साथ लगातार बातचीत व समझाईश की जाती रही । लेकिन आक्रोशित ग्रामीणों ने पुलिस की एक नहीं सुनी इसी बीच ग्रामीणों ने पथराव कर के पुलिस उपाधीक्षक के वाहन का शीशा तोड़ दिया। इस मामले में जानकारी यह भी सामने आई की रविवार सुबह कई दर्जन ग्रामीण थाना परिसर में घुसने लगे। इस बीच पुलिस अधिकारियों और ग्रामीणों के बीच विवाद बढ़ता चला गया। लेकिन रविवार की शाम को अजमेर रेंज पुलिस कमिश्नर के निर्देश पुलिस उपाधीक्षक ने नासिरदा पुलिस थाना प्रभारी के विरुद्ध मामला दर्ज कार जप्त कर ली ।इसके बाद मामला शांत हुआ और पुलिस ने इस मामले में जांच शुरू कर दी है।

# एक बार फिर मालपुरा के जिला बनने की चर्चाऐ जोंर शोर से

बढ़ता राजस्थान

**दूदू मालपुरा मिलकर जिला बनने की चर्चाऐं**

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** मालपुरा को जिला बनाने को लेकर एक बार फिर चर्चाऐं जोर शोर से होने लगी है। मालपुरा को जिला बनाने के लिए पिछले एक साल से चर्चाऐं व आन्दोलन हो रहे हैं। मालपुरा को जिला बनाने के लिए मालपुरा जिला बनाओ कोर कमेटी का गठन पिछली कांग्रेस शासन के अन्तिम दिनो में हुआ था। हुआ यू था कि मार्च 2023 में प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने प्रदेश में तीन नए संभाव 17 नए जिले बनाए थे। जिनमें मालपुरा का नाम नहीं होने से नाराज होकर एक गैर राजनेतिक संगठन मालपुरा जिला बनाओ कोर कमटी का गठन किया गया था। कमेटी के बेनर तले आन्दोलन हुए, धरने प्रदर्शन हुए और जेल भरो आन्दोलन भी हुए। जिससे सरकार भी कुछ सोचने को मजबूर हुई तो प्रदेश में विधानसभा चुनावो की आचार संहिता लागू होने के एक दिन पहले ही तत्कालीन कांग्रेस सरकार मालपुरा को जिला बनाने की धोषणा कर दूसरे दिन ही मंत्री मंडल की बैठक में मालपुरा को जिला बनाने का प्रस्ताव पारित कर लिया। लेकिन इसके अगले दिन ही आदर्श आचार संहिता लागू हों जाने के चलते मालपुरा को जिला बनाने के लिए सरकारी स्तर पर गजट नोटिफिकेशन जारी नहीं हो सका। प्रदेश में विधानसभा चुनाव हुए तो प्रदेश की सत्ता पर भाजपा काबिज हो गई। इतना हीं नहीं बल्कि मालपुरा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा से लगातार तीसरी बार रिकार्ड मतो से जीत दर्ज कर कन्हैयालाल चौधरी विधायक बनने के बाद केबिनेट मंत्री का दर्जा प्राप्त कर जलदाय मंत्री भी बन गए। लेकिन जिला कोर कमेटी गठन से लेकर आज तक अन्दरूनी रूप से कन्हैयालाल चौधरीर विरोधी रहने के चलते कोर कमेटी आज तक भी मालपुरा को जिला बनाने के लिए नोटिफिकेशन जारी करवाने के लिए प्रयासरत है। इधर भाजपा के सत्ता में आने के बाद कांग्रेस शासन में बने नए संभाग व जिलो की समीक्षा के लिए पहले उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा की अध्यक्षता में मंत्रीमंडलीय समिति का गठन कर इसमें जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी को भी सदस्य रखा। साथ ही प्रदेश सरकार ने नए जिलो की समीक्षा करने के लिए ललित के. पंवार जैसे अनुभवी भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी की अध्यक्षता में हाईपावर कमेटी का गठन कर रिपोर्ट देने के निर्देश प्रदान किए। पंवार की अध्यक्षता में गठित कमेटी के समक्ष भी जिला कोर कमेटी ने ज्ञापन सौंप कर मालपुरा को जिला बनाने के लिए नोटिफिकेशन जारी करवाने की मांग रखी थी। अब स्थिति यह है कि हाईपावर कमेटी की रिपोर्ट मंत्रीमंडलीय समिति सहित सरकार को सौंपी जा चुकी है। साथ ही मंत्रीमंडलीय समिति की ओंर से रिपोर्ट सरकार को सौंप दी गई है। अब इस पर निर्णय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को करना है। जो भी संभवत: आगामी एक दो दिन में ही सरकार का निर्णय भी सामने आने की पूरी पूरी संभावना है। इस संबंध में जानकार सूत्र व यदि अखबारो के अनुमानो को सही माना जाए तो माना यही है जो रहा है कि सरकार कुछ छोटे छोटे जिलो की सीमाओं को बढ़ा कर बढ़ा कर सकती है। जिनमें मालपुरा का नाम भी शामिल होने की चर्चाऐं सामने आ रही है। इन चर्चाओं में बताया जा रहा है कि दूदू जिला बहुत छोटा है। जिसको समाप्त करने के स्थान पर सरकार दूदू मालपुरा जिला बना सकती है। मालपुरा को दूदू जिले में शामिल करने की चर्चाऐं कांग्रेस शासनकाल में हुई थी ओर अब एक बार फिर यह चर्चाऐं जोर शोर से आने लगी है। यह बात अलग है कि मालपुरा क्षैत्र के लोग अपना जिला मुख्यालय दूदू के स्थान पर टोंक को ही रखने में अधिक लाभदायक मानते हैं। मालपुरा क्षैत्र की जनता की सोच यही है कि सरकार यदि मालपुरा को अकेले जिला बनाती है वो सबसे अच्छा है और यदि जिला नहीं बनाती है तो मालपुरा को अन्य किसी जिले में शामिल करने की बजाए टोंक में ही रखे जाने को लेकर अच्छा मानते हैं। अब देखना यह है कि मंत्रीमंडलीय समिति में शामिल क्षैत्रीय विधायक जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी व प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं दूदू फागी विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. प्रेमचन्द बैरवा मिलकर इसका क्या बेहतर हल आम जन के सामने रखते हैं। इतना जरूर माना जा रहा है कि यदि मालपुरा अकेले जिला मुख्यालय नहीं बनता है और मालपुरा को टोंक से हटाकर दूदू जिले में शामिल कर दिया जाता है तो यह मालपुरा क्षैत्र के विकास की दृष्टि सहित आम जन की सोच के बिलकुल विपरीत होगा जिसे क्षैत्र की जनता स्वीकार करेगी या नहीं यह सरकार की ओर आने वाले निर्णय के बाद बनने वाली परिस्थितियो पर निर्भर करेगा। लेकिन यह सच है कि एक बार फिर मालपुरा के जिलो बनने की चर्चाएं जोर शोर से सुनाई देने लगी है।

# बाल विवाह नहीं करने एवं उसके दुष्परिणामों के बारे में ग्रामीणों को किया जागरूक




बढ़ता राजस्थान

**निवाई( का.स. )।** सिकोईडिकोन संस्था द्वारा जिले में कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रनस फाऊंडेशन यू एस के संयुक्त तत्वावधान में न्याय तक पहुंच परियोजना संचालित की जा रही है। परियोजना के माध्यम से कार्यकर्ताओं द्वारा गांव जामडोली, झिलाय व कलानाडा सहित कई गावों में घर घर जाकर लोगों को बाल विवाह नहीं करने एवं उसके दुष्परिणाम के बारे में जागरूक किया जा रहा है। संस्था प्रधान ने बताया कि सीकोईडीकॉन संस्था एक महत्वपूर्ण संगठन है जो बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा और उनके सुरक्षित विकास के लिए कटिबद्ध है। संस्था द्वारा संचालित अभियान का मुख्य उद्देश्य स्थानीय लोगों को बाल विवाह के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करना व बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता फैलाना है एवं उनके अधिकारो की सुरक्षा करने के लिए सजग बनाना है। लोगो ने संस्था के प्रयास की प्रशंसा की। ग्रामीणों ने बताया कि इस तरह के सामाजिक पहल के माध्यम से हम सभी मिलकर बाल विवाह के खिलाफ लड़ाई लड़ सकते हैं एवं समाज में समाजिक सुधार की दिशा में कदम बढ़ा सकते हैं।

# विश्वकर्मा मंदिर में हुआ सहस्त्र घट



बढ़ता राजस्थान

**निवाई( का.स. )।** भगवान श्री विश्वकर्मा मंदिर के शिवालय में जांगिड़ समाज तहसील सभा एवं विकास समिति के तत्वावधान में शनिवार को सहस्त्र घट का आयोजन हुआ। मनीष बहकवा ने बताया कि सहस्त्र घट को लेकर भगवान शिव की वैदिक मंत्रोचार के साथ पूजा अर्चना कर झांकी सजाई गई एवं सैंकडों घटों भगवान शिव का अभिषेक किया गया। तत्पश्चात प्रसादी का भोग लगाकर महाप्रसादी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर तहसील सभा अध्यक्ष नारायणलाल भुरटिया, विकास समिति अध्यक्ष रामेश्वरप्रसाद जांगिड, महामंत्री रामविलास जांगिड, कोषाध्यक्ष सुरेश जांगिड व व्यवस्थापक दिनेश पंडित व हनुमानप्रसाद सहित सैकड़ो श्रद्धालु मौजूद थे।

# एमजेआरपी यूनिवर्सिटी ने स्कूलों में की सांस्कृतिक आयोजनों की सीरीज शुरू

## संस्कृति मंत्रालय, स्पिक मैके व रोटरी क्लब के सहयोग से होंगे कार्यक्रम

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर/ टोंक ( का.स. )।** युवा पीढ़ी को भारतीय संस्कृति से जोड़ने के उद्देश्य से महात्मा ज्योति राव फुले विश्वविद्यालय जयपुर की ओर से स्कूलों में सांस्कृतिक आयोजनों की सीरिज का शुभारंभ किया गया। सीरिज के तहत गुलाबीनगर के 100 स्कूलों में संस्कृति मंत्रालय, स्पिक मैके व रोटरी क्लब जयपुर किंग्स सिटी के सहयोग से विभिन्न कार्यक्रम होंगे। महात्मा ज्योतिराव फुले विश्वविद्यालय के चेयरपर्सन निर्मल पंवार ने बताया कि भारतीय शास्त्रीय संगीत को बढ़ावा देने के लिए ये सांस्कृतिक आयोजन किए जाएंगे। आयोजन सीरीज की शुरुआत सी-स्कीम स्थित महावीर पब्लिक स्कूल में प्रसिद्ध ओडिसी नृत्यांगना गीतांजलि आचार्य की सुंदर प्रस्तुति हुई। इस मौके पर स्कूल के बच्चों को ओडिसी नृत्यांगना ने नृत्य के टिप्स देकर अपने साथ नृत्य करवाया। चेयरपर्सन निर्मल पंवार ने बताया कि



नई शिक्षा नीति और सीबीएसई पाठ्यक्रमों में भी इस तरह की एक्टिविटिज को जोड़ा गया है। इसके तहत बच्चों को भारतीय संस्कृति और शास्त्रीय संगीत से रूबरू होने का मौका मिलेगा ।कार्यक्रम में महावीर पश्निक स्कूल की प्रबंध कार्यकारिणी के पदाधिकारियों के अलावा रोटरी क्लब जयपुर किंग्स सिटी के अध्यक्ष आनंद अग्रवाल, राजस्थान सरकार के पूर्व उप शासन सचिव एवं रोटरी डिस्ट्रिक्ट पब्लिक रिलेशन्स कमेटी के चेयरमैन डॉ. पी. डी. पारीक, कोर्डिनेटर तुषार असावाल, क्लब प्रोजेक्ट समन्वयक निशा पारीक, अक्षत पंवार, सुमन पारीक समेत कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# 'सावन के रंग चेष्टा के सन्ग' बड़ी धूमधाम से मनाया

बढ़ता राजस्थान

**टोंक ( का.स. )।** चेष्टा लेडीज क्लब की ओर से होटल ग्रैंड सफारी में सावन के रंग चेष्टा के सन्ग बड़ी धूमधाम से मनाया गया। क्लब की डायरेक्टर नीतू जैन ने बताया इसमें बेस्ट स्टाइलिश लहरिया क्वीन कल्पना महेश्वरी, बेस्ट स्टाइलिश लुक रीता सोनी,बेस्ट वॉक अनुप्रिती, बेस्ट लहरिया मीनाक्षी अग्रवाल एवं उर्मिला जांगिड़ को प्रदान किया गया ।स्पेशल गेस्ट के रूप में फिल्म एक्ट्रेस उषा श्री , ममताशर्मा , रजनीऊ कोठारी,



मनजीत अरोड़ा, रुचि जैन, सोनू अग्रवाल ,उषा जैन, उर्मिला जांगिड़ ,इंद्रा पालीवाल अमृता श्री, अतिथी मीनाक्षी अग्रवाल , एंकर नेहा पारीख प्रमिला खंडेलवाल ,प्रियंका गोयल आदि रहे। रॉयल लाइव बैंड अफसर अली के द्वारा पेश किया गया ।साथ में म्यूजिकल हाउजी, गेम्स भी खिलाएं । स्टॉल्स भी लगाई गई, सब ने बहुत एंजॉय किया।

# थल सैनिक राष्ट्रीय फायरिंग कैम्प में सचिन का चयन

बढ़ता राजस्थान



**मालपुरा ( नि.स. )।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मालपुरा के कक्षा 10वी के छात्र सचिन सैनी पुत्र प्रह्लाद राय सैनी का आल इंडिया थल सैनिक फायरिंग कैम्प नई दिल्ली में चयन हुआ है। उप प्रधानाचार्य अलका पारीक ने बताया कि उक्त छात्र का चयन 60 दिनों से उदयपुर में चल रहे कैम्प में कड़ी मेहनत,लगन व अनुशासन का परिणाम है वही ट्रूप कमांडर कपिल जांगिड़ द्वारा दिये गए उचित निर्देशन तथा परिश्रम का नतीजा है कि छात्र ने राष्ट्रीय कैम्प में स्थान प्राप्त करने में सफलता हासिल की है। स्थानीय छात्र का राष्ट्रीय फायरिंग कैम्प में चयन होने पर विद्यालय, परिवार व क्षेत्र में खुशी की लहर व्याप्त हो गई है।

# अखिल भारतीय पल्लीवाल जैन महासभा की मथुरा में सम्पन्न हुई आपातकालीन बैठक

बढ़ता राजस्थान




**अलवर ( का.स. )।** अखिल भारतीय पल्लीवाल जैन महासभा की केन्द्रीय कार्यकारिणी की पंचम बैठक शुक्रवार को कृष्ण नगरी मथुरा के होटल मधुबन में वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनोद जैन दिल्ली की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमे विसेस्त्या पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष देवकीनन्दन महवा, इंदौर से सुमत प्रकाश जैन, राजीव रत्न पूर्व महामंत्री, अलवर से पूर्व अर्थ मंत्री अजीत जैन वरिष्ठ समाज सेवी जयपुर से एड्वोकेट ओमप्रकाश जैन दांतिया, पत्रिका संयोजक चन्द्रशेखर संपादक प्रकाश चन्द जैन, अशोक नोगावा,पारस जैन, बंबई से मृगेंद्र जैन, दिल्ली से विजय जैन, शकुंतला जैन, महावीर जैन, पालम से सतीश जैन ,लखनऊ से पियूष जैन , अलीगढ़ से अशोक जैन, ग्वालियर से भाग चंद जैन ,मथुरा से बनवारी लाल जैन,अलवर से राजेंद्र जैन , विजय जैन , सुमत चन्द ,रविंद्र जैन आदि ने क्षेत्र के प्रत्येक भाग से सभी महत्वपूर्ण समाज के साधर्मिक गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुई जिसमे देश भर के सभी 60 प्रतिनिधिओं में से 45 क्षेत्रों के प्रतिनिधिध्पदाधिकारी के साथ साथ 20 से अधिक शाखाओं के अध्यक्षध्मंत्री एवं समाजजन बैठक में उपस्थित रहें। सभा में महासभा द्वारा किए जा रहे कार्यों पर महामंत्री महेश जैन, अमृत महोत्सव के संयोजक ने प्रकाश डाला विषेश तौर से इस अवसर पर महासभा के विधान एवं भावनाओं के विरुद्ध विगत डेड साल से कार्य कर रहें राष्ट्रीय अध्यक्ष त्रिलोक चन्द जैन एवं राष्ट्रीय अर्थमंत्री भागचन्द जैन जिन्हें पूर्व में इस आशय का नोटिस जारी किया हुआ थाए के द्वारा नोटिस का जवाब नहीं देने और लगातार संस्था विरोधी कार्य में संलग्न रहने से सदन ने उन्हें सर्वसम्मति से एक मत होकर संस्था की प्राथमिक सदस्यता से आजीवन के लिए निष्कासित करते हुए अपने अपने पदों से बर्खास्त कर दिया गया। साथ ही आगामी चुनाव होने तक के लिए सदन की पूर्ण सहमति से आगरा से क्षेत्रीय प्रतिनिधि ओर उपाध्यक्ष चौधरी तपेश जैन को कार्यवाहक रा०अध्यक्ष एवं जयपुर से क्षेत्रीय प्रतिनिधि अनिल जैन को कार्यवाहक रा.अर्थ मंत्री नियुक्त किया। समाज में विभिन्न प्रकार से अवरोध उत्पन्न करने के लिए पारस जैन जयपुर, अमित जैन अलवर एवं मुकेश जैन जयपुर को आजीवन के लिए संस्था की प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित किया गया। साथ में महासभा के पूर्व कार्यकारी महामंत्री मगन जैन द्वारा अलवर में कराए गए चुनावो का आय व्यय का हिसाब नही देने पर पर 15 दिवस का नोटिस देने के लिए सदन ने कहा । महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री महेश जैन जयपुर ने बताया कि इस अवसर पर 55 वर्ष से अधिक पुरानी पूर्वजों की इस संस्था को तोड़ने से बचाने के लिए एक अति आवस्यक आपातकालीन कार्यकारणी की बैठक राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष ओर कार्यकारणी के विशेष आग्रह पर बुलाई गई।

## थून के बाबू पर गुरुवार को भरेगा लक्खी मेलाः दो दिन चढ़ेगी कावड़, मेला कमेटी और पदाधिकारी तैयारी में जुटे

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** बाड़ी उपखंड के डांग क्षेत्र में चंबल किनारे कूदिन्ना की थून पर बाबू महाराज का लक्खी मेला गुरुवार 5 सितंबर को आयोजित होने जा रहा है। हालांकि बाबू का यह लक्खी मेला 3 सितंबर से शुरू हो जाएगा, लेकिन वार्षिक जात दौज गुरुवार 5 सितंबर को लगेगी। जिसमें बाबू को ढोक लगाने हजारों की संख्या में श्रद्धालु जुटेंगे। जिसको लेकर मंदिर कमेटी और पदाधिकारियों के साथ ग्रामीण तैयारी में जुटे हैं। प्रशासन भी अपने स्तर पर बाबू मेले को लेकर तैयारी में जुटा है। मेला कमेटी के अध्यक्ष मास्टर भगवान सिंह गुर्जर ने बताया कि बाबू महाराज गुर्जर गुर्जरों के तो आराध्य देव हैं ही साथ में हर समाज में बाबू महाराज की आस्था है। ऐसे में भाद्र मास के शुक्ल पक्ष की दौज यानी गुरुवार को बाबू महाराज का मेला लगने जा रहा है। यह मेला उपखंड मुख्यालय से करीब 30 किलोमीटर दूर कूदिन्ना गांव के पास थून पर स्थित बाबू मन्दिर पर आयोजित होगा। जो चंबल किनारे रमणीक स्थान है। जिसके लिए मेला कमेटी के पदाधिकारी दिन-रात साफ-सफाई के साथ तैयारी में जुटे हैं। मेले में दुकानों को सुव्यवस्थित लगाने और पार्किंग को लेकर आज रविवार को व्यवस्था की है। जेसीबी से रास्तों को साफ कराया गया है।

### 3 सितंबर से शुरू होगा मेला, पहले 2 दिन चढ़ेगी कावड़

बाबू महाराज का मेला 3 सितंबर मंगलवार से शुरू हो जाएगा। पहले 2 दिन का समय कावड़ चढ़ाने के लिए कावड़ियों को दिया गया है। 5 सितंबर को मेले में विशेष भीड़ रहेगी। इस वजह से सभी कावड़ियों से अनुरोध किया गया है कि वह बुधवार तक अपनी कावड़ों को चढ़ाए। जिससे मेले में कोई परेशानी नहीं हो।

## दानदाता व समाजसेवी नाथूलाल शर्मा का शिक्षा विभाग ने किया सम्मान

बढ़ता राजस्थान

**केकड़ी ( संजय कटारिया )।** राज्य सरकार की एक योजना के तहत प्रारंभिक शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार केकड़ी के पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में भामाशाह एवं प्रेरक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यहां विवेकानंद रंगमंच पर आयोजित इस सम्मान समारोह में जिले के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय ग्राम भराई ब्लॉक केकडी में गत वितीय वर्ष में 5 लाख 10 हजार रुपये की लागत से जल कुटीर का निर्माण करवाने वाले दानदाता समाजसेवी नाथू लाल शर्मा एवं उनके प्रेरक संस्था प्रधान जय सिंह मीणा का जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक शिक्षा गोविन्द नारायण शर्मा ने माल्यार्पण कर, साफा व शॉल पहनाकर एवं स्मृति चिह्न व शिक्षाश्री प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। समारोह में मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी विष्णु शर्मा, पीएमश्री विद्यालय संस्था प्रधान कालूराम सामरिया व भाजपा मंडल अध्यक्ष अनिल राठी भी विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थे। समारोह में केकडी शहर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्र की राजकीय व निजी स्कूलों के प्रधानाचार्य व शिक्षक सहित जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक व प्रारम्भिक कार्यालय के कार्मिक व अशोक जेतवाल, योगेश आचार्य, श्रीधर जाट, हेमेंद्र चौधरी आदि मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन सत्यनारायण जाट ने किया।

## आगे चल रहे ट्रक के अचानक ब्रेक लगाने से पीछे सिलेण्डर से भरा ट्रक टकराया, एक घंटे तक केबिन में फंसा रहा चालक, उपचार के दौरान मौत

बढ़ता राजस्थान



**केकड़ी ( संजय कटारिया )।** केकड़ी जिले के सावर थाना क्षेत्र में अजमेर-कोटा राजमार्ग पर गैस सिलेंडर से भरा ट्रक आगे चल रहे एक ट्रक से टकरा गया। हादसे में सिलेंडर वाले ट्रक चालक की मौत हो गई। पुलिस ने मृतक चालक के शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है। सावर थाना के एएसआई ओमप्रकाश दायमा ने बताया कि बूंदी जिले के पुलिस थाना हिंडोली का रहने वाला दिलराज गुर्जर (24) पुत्र रामदेव गुर्जर गैस सिलेंडर से भरा ट्रक लेकर शनिवार रात को कोटा की ओर जा रहा था। इसी दौरान सावर कस्बे के कोटा मार्ग पर रॉयल्टी नाके के पास आगे चल रहे ट्रक ने अचानक ब्रेक लगा दिए, जिससे दिलराज गुर्जर का ट्रक उससे टकरा गया। टक्कर के बाद ट्रक बेकाबू होकर सड़क किनारे उतर गया। लगभग एक घंटे तक ट्रक चालक दिलराज गुर्जर ट्रक में ही फंसा रहा। देर रात को आसपास के लोगों को दुर्घटना का पता चला। इसके बाद लोग मौके पर पहुंचे। ट्रक चालक को घायल अवस्था में निकालकर सावर के राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया, जहां पर हालत गंभीर होने पर उसे देवली रेफर कर दिया गया। घायल की हालत में सुधार नहीं होने पर परिजन उसे लेकर कोटा के लिए रवाना हो गए। दिलराज ने कोटा जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। सूचना मिलने पर सावर थाना पुलिस हिंडोली के राजकीय अस्पताल पहुंची, जहां पर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया।

## लायंस क्लब बहरोड़ किंग्स द्वारा निशुल्क प्राथमिक जांच एवं परामर्श शिविर आयोजित, शिविर में 132 लोगों की जांच

बढ़ता राजस्थान



**बहरोड़ ( सुभाष यादव )।** लायंस क्लब बहरोड़ किंग्स व इंदु हॉस्पिटल के द्वारा रविवार को ग्राम दहमी मनसा माता मंदिर परिसर में एक विशाल निशुल्क प्राथमिक जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया ।शिविर में वृद्ध एवं नौजवान लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया जिसमें 132 लोगों की जांच कर उन्हें उचित परामर्श प्रदान किया गया एवं इंदु हॉस्पिटल की ओर से आवश्यकता अनुसार लोगों को दवाई उपलब्ध कराई गई एवं 13 लोगों को अग्रिम डॉक्टर परामर्श हेतु बोला गया ।शिविर का शुभारंभ डॉक्टर यशवंत यादव ने किया और कहा कि लायंस क्लब बहरोड़ किंग्स के द्वारा निरंतर किए जा रहे सेवा कार्य अनुकरणीय है ।इस अवसर पर चार्टर अध्यक्ष लायन राकेश रोहिल्ला ने कहा बीपी, शुगर, पल्स, ऑक्सीजन, वजन जैसी जांचों को समय-समय पर करने के लिए प्रोत्साहित किया और कहा हमें स्वयं को अपनी दिनचर्या में बदलाव लाकर के प्राथमिक स्तर पर बचा जा सकता हैद्य इस मौके पर इन्दु हॉस्पिटल की टीम को लायंस क्लब बहरोड़ किंग्स की तरफ से प्रतीक चिन्ह व श्रीकृष्ण नवयुवक मंडल दहमी की तरफ से साफा पहनाकर सम्मानित किया गया द्यशिविर में डॉक्टर आकाश, मनोज शर्मा, विजय सहित पांच नर्सिंग स्टाफ ने हिस्सा लिया । इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक उमेश यादव क्लब अध्यक्ष लायन मुकेश यादव ,सचिव प्रदीप यादव, एमजेएफ दिनेश अग्रवाल ,प्यारेलाल सैनी,राहुल यादव,विपिन अग्रवाल,पंकज जयसवाल,बुध सिंह यादव ,दक्ष सहित गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे ।

## प्रजापति समाज का जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह 6 को

### सचिन पैलेस बाड़ी में करने का प्रस्ताव सर्व सम्मति से हुआ पारित

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी ( नि.स. )।** प्रजापति समाज जिला धौलपुर की जिला स्तरीय बैठक रामदयाल प्रजापति बड़रिया की अध्यक्षता में सचिन पैलेस संत नगर रोड बाड़ी में आयोजित की गई ।बैठक में जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह 6 अक्टूबर 2024 को सचिन पैलेस बाड़ी में करने का प्रस्ताव सर्व सम्मति से पारित किया गया। इस मोके परवर्ष 2023 व 2024 में प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान करने का निर्णय लिया गया ।प्रजापति समाज के युवा सतीश प्रजापति ने जानकारी देते हुए कहा कि जिन छात्रों ने कक्षा 10 व 12 में 75 प्रतिशत अंक छात्राओं ने 70त्न, स्नातक में छात्र-छात्राओं ने 60त्न अंक,स्नातकोत्तर परीक्षा व व्यावसायिक परीक्षा किसी भी श्रेणी में उत्तीर्ण की हो। उन्हें सम्मानित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त खेल प्रतिभाओं, नव नियुक्त सरकारी कार्मिकों,वृद्ध जनों 80 प्लस आयु वर्ग एवं अन्य क्षेत्रों में विशेष योग्यताधारी समाज बन्धुओं को सम्मानित किया जाने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। कार्यक्रम के दौरान ग्यासीराम जिला अध्यक्ष, जगदीश प्रसाद जोरगढ़ी, कमल सिंह पूर्व जिला अध्यक्ष, डॉ सतीश प्रजापति, डॉक्टर बलवीर प्रजापति, प्यारेलाल अध्यापक, हरिभजन लाल प्रधानाध्यापक द्वारा बताया गया कि इस वर्ष का प्रतिभा सम्मान समारोह दिव्य व भव्य रूप में आयोजित किया जाएगा। समस्त समाज बंधुओ ने अपना तन, मन,धन से सहयोग करने का संकल्प व्यक्त किया ।इस अवसर पर समाज के रमेश चंद,राजेंद्र सिंह, कन्हैया लाल,अमर सिंह,रामदयाल,कालीचरन,मांगीलाल, रामनिवास, राकेश, दीनदयाल, राम सहाय,कुमरपाल,अमित कुमार, शिवचरन लाल, भगवान दास,ज्ञान चंद, भैरौ लाल, नव्यांश, सोनू, अमित, कमलेश,जगदीश,नरेंद्र आदि समाज बंधु मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन मोहर सिंह वरिष्ठ अध्यापक द्वारा किया गया।

## राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी का किया अभिनन्दन

बढ़ता राजस्थान



**अलवर ( का.स. )।** अजमेर उत्तर से लगातार पांचवीं बार के बीजेपी विधायक व राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी रविवार को अलवर आए जहां सर्किट हाउस में नेक कमाई टीम ने उनका बुके देकर स्वागत किया । इस दौरान प्रेम पवित्र भोजनालय के डायरेक्टर ललित बेनीवाल मत्स्य विश्वविद्यालय के कुल सचिव आशुतोष शर्मा और नेक कमाई टीम के कॉर्डिनेटर और बाबा कलाकंद के डायरेक्टर अभिषेक तनेजा ने उनका स्वागत किया। इस दौरान राजस्थान सरकार के वन मंत्री संजय शर्मा भी मौजूद रहे। इस दौरान राजस्थान सरकार के वन मंत्री ने इन सबका परिचय करवाया। इधर बाबा कलाकंद के डायरेक्टर अभिषेक तनेजा ने इन्हे अलवर की सौगात कलाकंद भी भेंट किया।

## बाबू महाराज के मेले को लेकर तैयारियां हुई शुरू

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** बाबू महाराज मंदिर थूम कुदिन्ना पर 5 सितंबर 2024 को लगने वाले लक्खी मेला से संबंधित एक मीटिंग का आयोजन किया गया जिसमें मेला की समुचित व्यवस्था करवाने हेतु सी .ओ. बाड़ी, एवं थाना अधिकारी सोने गुर्जा द्वारा दिशा निर्देश दिए गए एवं उनके द्वारा यह भी कहा गया कि दुकानदारों को पॉलिथीन उपयोग नहीं करने के लिए भी पाबंद किया गया साथ में कचरे के लिए डस्टबिन रखा जाना आवश्यक किया गया है बाबू महाराज का लक्खी मेला 5 सितंबर को लगेगा पार्किंग के लिए भी ठेकेदार से चर्चा हो चुकी है से लेकर दुकानदारों को उपयुक्त स्थान पर दुकान लगाने के लिए भी निर्देश दिए गए बैठक में सोने गुर्जा एस एच ओ श्री भीम सिंह जी, हेड कांस्टेबल मोहन सिंह ,बाबू महाराज सेवा समिति के सभी सदस्य श्री भगवान सिंह गुर्जर अध्यक्ष श्री बाबू महाराज सेवा समिति, रविंद्र गिरी जी महाराज ,लाल सिंह भगत, देवी सिंह भगत, राम मुकुट गुर्जर सहा. कृषि अधि.,शीशराम गुर्जर अध्यापक, वीरेंद्र पटवारी ,हरि सिंह जी अध्यापक जगदीश सिंह अध्यापक, दुर्ग सिंह अध्यापक ,रमेश सरपंच, शंकर लाल,सुल्तान सिंह देशराज, कुलदीप अध्यापक सहित काफी संख्या में भक्त एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

## केकड़ी में एटीएम कार्ड बदलकर दो लोगों के साथ हुई धोखाधड़ी, 90 हजार रुपयों का लगाया चूना

बढ़ता राजस्थान



**केकड़ी ( संजय कटारिया )।** केकड़ी शहर में शनिवार को कुछ शातिर ठगों ने दो अलग अलग व्यक्तियों से उनका एटीएम कार्ड बदलकर करीब 90 हजार रुपयों का चूना लगा दिया। दोनों घटनाएं एक ही एटीएम केंद्र पर कुछ समय के अंतराल में घटित हुई। इस संबंध में पुलिस में मामला दर्ज कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ठगी की ये कारगुजारी यहां अजमेर रोड़ पर स्थित एचडीएफसी बैंक के एटीएम केंद्र पर हुई। केकड़ी शहर के काजीपुरा निवासी एक युवक अमन साहू अपने पिता रामस्वरूप तेली का एटीएम कार्ड लेकर शाम पांच बजे इस एटीएम से रकम निकालने गया। इसी दौरान वहां तीन अनजान व्यक्तियों ने एटीएम में प्रवेश कर उसे बातचीत में उलझा दिया और चालाकी से उसका एटीएम कार्ड बदल लिया। अमन जब रुपये निकालकर वापस लौटा, तभी उनके फोन पर उनके खाते से साठ हजार व पंद्रह हजार रुपये डेबिट होने के मेसेज आये। इस पर उन्होंने एक अन्य एटीएम में जाकर कार्ड चेक किया, तब उन्हें कार्ड बदले जाने का पता चला। इसी एटीएम पर दूसरा मामला थोड़ी देर बाद पुरानी केकड़ी निवासी लक्ष्मण कुमार सैनी पुत्र रामधन माली के साथ हुआ। वे यहां रुपये जमा कराने गए थे। इसी दौरान उन्हीं अनजान ठगों ने उनका भी एटीएम कार्ड बदलकर उनके बैंक खाते से दो बार में कुल पन्द्रह हजार रुपये साफ कर दिए। दोनों पीड़ितों ने तुरंत केकड़ी पुलिस थाने में इस धोखाधड़ी की सूचना दी। पुलिस ने इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस थानाधिकारी धोलाराम ने बताया कि यह मामला भारतीय दंड संहिता की धारा 318(3) और 61(2)(ए) बीएनएस के तहत दर्ज किया गया है। मामले का अनुसंधान सहायक उपनिरीक्षक राकेश कुमार कर रहे हैं। घटना के बाद पीड़ितों की रिपोर्ट पर संबंधित बैंकों द्वारा उनका एटीएम कार्ड ब्लॉक कर दिया गया।

## रोटरी क्लब ऑफ़अलवर द्वारा नन्दोत्सव महोत्सव धूमधाम से मनाया गया



बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** रोटरी क्लब ऑफ़ अलवर द्वारा फेलोशिप कार्यक्रम के तहत नन्दोत्सव कार्यक्रम श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में क्लब की 21 महिला शक्ति द्वारा भगवान कृष्ण जन्म की बाल रूप की लीला को अति सुन्दर रूप में प्रस्तुति देकर मनाया गया। क्लब अध्यक्ष दीपक कट्टा एवं सचिव मुकुंद गुप्ता ने बताया कि रोटरी क्लब अलवर के लगभग 150 सदस्यों ने नन्दोत्सव होटल पावना पैलेसए शांतिकुंजए अलवर में मनाया। कार्यक्रम संयोजक आशीष खंडेलवाल एवं बबीता खंडेलवाल ने बताया कि कायक्रम की तैयारी क्लब की महिलाओं द्वारा पिछले 15 दिनों से की जा रही थी। कार्यक्रम में पूर्व प्रांतपाल पवन खंडेलवाल, सहायक प्रांतपाल जितेंद्र खुराना, पूर्व अध्यक्ष राजेश सिंघल, के के खंडेलवाल, सुरेश गोयल, नीरज जैन, ललित कुमार, सुरेश गुप्ता, कोषाध्यक्ष भगवान दास अग्रवाल सहित अनेक वरिष्ठ सदस्यों सहित नये सदस्य एवं महिला शक्ति की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष मनीष जैन ने शानदार मंच संचालन किया।

## अवेध शराब ले जाते 2 को किया गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** पुलिस थाना बाडी कोतबाली द्वारा अवैध शराव की 2 कार्यवाही की । अवैध शराव को ले जाते हुये एक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध देशी 58 पव्वा एवं एक को अवैध शराव को वेचते हुये देशी व अंग्रेजी शराव के कुल 52 पव्वा एवं बीयर को वरामद किया है। पुलिस अधीक्षक धौलपुर द्वारा वांछित अपराधियो के विरूध्द चलाये जा रहे विशेष अभियान के दौरान शिवलहरी पु0नि0 थानाधिकारी पुलिस थाना बाडी के नेतृत्व में दिनांक 31 अगस्त की रात्री को धौलपुर रोड विजली घर के पास वाडी से मुल्जिम मुन्ना लाल पुत्र नाहर सिहं जाति कुशवाह उम्र 26 साल निवासी होद बाडी थाना बाडी जिला धौलपुर को अवैध शराव ले जाते हुये गिर 0 किया गया। जिसके कब्जे से अवैध शराव के 58 पव्वो को वरामद किया गया है। एवं अम्बेडकर तिराहा कस्वा वाडी मे मुल्जिम सलमान पुत्र शौकीन जाति मुसलमान उम्र 25 साल निवासी सन्तरास पाडा बाडी थाना बाडी जिला धौलपुर को शराव वेचते हुये गिरफ्तार किया गया है जिसके कब्जे से देशी व अंग्रेजी शराव के कुल 52 पव्वा को किया बरामद किया गया है।

# दहेज वाले सम्पर्क न करें, हमसफर आत्मनिर्भर चाहिए, युवतियों ने बताई पसंद

## जीवन साथी की तलाश में 175 युवक–युवतियों व परिजनों ने दिया परिचय,10 की बात चली, तलाक के बढ़ते मामले पर अग्रवाल समाज ने चिन्ता व्यक्त की परिचय सम्मेलन आज की आवश्यकता हैः संदीप शर्मा

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** अग्रवाल सेवा उत्थान समिति के द्वारा रविवार को बूंदी रोड़ स्थित रिसोर्ट में विशाल युवक युवती परिचय सम्मेलन आयोजित किया गया। संस्था के सम्भागीय महामंत्री संजय गोयल व मंत्री गजानन्द सिंघल ने बताया कि परिचय सम्मेलन की शुरुआत विधिवत महाराज अग्रसेन की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर की गई। महिलाओं द्वारा गणेश वंदना की गई। उद्घाटन सत्र में स्मारिका 'अग्र पहल' का विमोचन अतिथियों द्वारा किया गया।

संस्था के सम्भागीय अध्यक्ष मोहनलाल अग्रवाल ने बताया कि मुख्य अतिथि कोटा दक्षिण के विधायक संदीप शर्मा थे। भाजपा कोटा जिलाध्यक्ष राकेश जैन, नगर निगम उत्तर डिप्टी कमिश्नर भावना शर्मा अतिथि थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी संदीप अग्रवाल चाँदीवाला ने की। वहीं रामगंजमंडी




अग्रवाल समाज के अध्यक्ष गोपाल गर्ग, बूंदी व्यापार संघ के अध्यक्ष निरंजन जिंदल, जवाहर बंसल, नाथूलाल अग्रवाल, भंवरलाल अग्रवाल, संगठन के जिलाध्यक्ष राजेश मित्तल, युवा प्रदेश अध्यक्ष सुरेन्द्र अग्रवाल, झालावाड़ से राजदुलारी अग्रवाल बांरा से ज्योति बंसल विशिष्ठ अतिथि के तौर पर मौजूद रहे।

सम्भागीय महिला अध्यक्ष किरण अग्रवाल व महामंत्री किरण गोयल ने बताया कि युवतियों ने मंच से कहा कि दहेज की मांग करने वाले रिश्ते के लिए सम्पर्क न करें। युवक आत्मनिर्भर होना चाहिए। वहीं युवाओं ने कहा कि शिक्षित और परिवार से सामंजस्य बनाकर चलने वाली जीवन संगिनी चाहिए.लडकों व लडकियों ने अपना परिचय बेबाकी से दिया। हालांकि कुछ प्रतिभागियों ने परिचय देने के लिए मंच की सहायता ली।

मंच का संचालन एडवोकेट दीपक मित्तल, किरण अग्रवाल, किरण गोयल ने किया। निशुल्क कुंडली मिलान आचार्य पण्डित गणेश जोशी द्वारा किया गया।

इस अवसर पर सुनीता गोयल, शशि गोयल, नवीन अग्रवाल, सुधीर गुप्ता, रजनीश गर्ग, संजय अग्रवाल, अंबिका गर्ग, श्याम अग्रवाल, अनीता अग्रवाल, विशाल अग्रवाल, आराधना अग्रवाल, मनोज गोयल, ममता मित्तल, राजकुमारी जैन, अंकुश अग्रवाल, नीरू गुप्ता, राखी बंसल, मीनू बंसल, ममता अग्रवाल, संगीता गर्ग, भारती अग्रवाल, सरिता मित्तल, भावना गुप्ता, सीमा अग्रवाल, संजय गुप्ता, कमल गोयल, पुरुषोत्तम अग्रवाल उपस्थित थे।

### तीन एनआरआई के परिजनों ने दिया परिचय

महिला अध्यक्ष कमला मित्तल ने बताया कि सम्मेलन में 3 एनआरआई प्रत्याशी के भी परिचय हुए। विदेश में जॉब करने वाले युवकों के माता पिता ने अपने बच्चों का परिचय दिया। उन्होंने बताया कि उनको देशी बहु चाहिए।

### तलाक के बढ़ते मामले पर चिन्ता व्यक्त की

संस्था के महामंत्री संजय गोयल व मंत्री गजानन सिंघल ने बताया कि मंच पर ही रिश्ते हो इस धारणा के विपरीत परिचय सम्मेलन का फोकस इस बात पर है कि यहां युवक युवती आपस में एक दूसरे को देख और समझ लें। फिर घर परिवार देखने के बाद ही रिश्ता जोड़ें। इसके बाद में रिश्ता स्थाई हो। क्योंकि जिस तेजी से रिश्ते हो रहे हैं उसी तेजी से टूट भी रहे हैं।

# चित्तौड़गढ़ के मात्र 2.5 वर्ष के अद्वित धूत ने बनाया विश्व रिकार्ड

## इन्टरनेशनल बुक ऑफ रिकार्ड ने जारी किया "वर्ल्ड रिकार्डस आफ एक्सीलेन्स" प्रमाण पत्र

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ ( नि.स. )।** चितौड़गढ़ के प्रमुख समाजसेवी व अरबन बैंक निदेशक बालकृष्ण धूत के मात्र 2.6 वर्षीय पोत्र अद्वित धूत ने मात्र एक मिनिट में सबसे अधिक कार के लोगो की पहचानकर वर्ल्ड रिकार्ड बनाया है।

इन्टरनेशनल बुक आफ रिकार्डस के फाउण्डर सीईओ पंकज विज ने कुशाग्र बुद्धि के दीपक अंषिका धूत के सुपुत्र अद्वित धूत के नाम 23 जुलाई, 2024 को वर्ल्ड रिकार्ड आफ एक्सीलेन्स का प्रमाण पत्र जारी किया जो परिवार जनो को 30 अगस्त, 2024 को मिला तब परिवार की खुशी का ठिकाना नही रहा। अद्वित ने मात्र एक मिनिट में सुजुकी, फराली, किया, टोयोटा, हुण्डई सहित 25 कारो के मात्र लोगो देख कर कार का नाम



बताकर विश्व के टेलेन्टड किड् के नाते अपनी अद्धितिय प्रतिभा की छाप छोड़ कर शहर चितौड़गढ़ ही नही भारत का नाम रोशन किया है।

### अरबन बैंक द्वारा अद्वित का अभिनन्दन

चितौड़गढ़ अरबन को–ऑपरेटिव बैंक लि. के निदेशक मण्डल की शनिवार को आयोजित बैठक में बैंक अध्यक्ष सीए आई.एम. सेठिया, प्रबन्ध निदेशक वन्दना वजीरानी, निदेशकगण दिनेश कुमार सिसोदिया, रणजीत सिंह नाहर, राधेष्याम आमेरिया, वृद्धि चन्द कोठारी, हरिश चन्द्र आहूजा, कल्याणी दीक्षित, दिप्ती सेठिया, बाबरमल मीणा, हेमन्त कुमार शर्मा, सीए नीतेश सेठिया प्रबन्धन मण्डल सदस्य आदित्येन्द्र सेठिया ने निदेषक बालकिशन धूत एवं कुसुम धूत के पौत्र एवं दीपक अंशिका धूत के पुत्र अद्वित का इस उपलब्धि पर उपरणा, स्मृति चिन्ह प्रदान कर अभिनन्दन किया एवं शुभकामनाएं दी।

# वंडर सीमेंट लि. निरन्तर 9 वीं बार राज्य स्तरीय भामाशाह सम्मान समारोह में सम्मानित

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ ( नि.स. )।** वंडर सीमेंट लिमिटेड, आर. के. नगर, निम्बाहेड़ा द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा एवं आधारभूत विकास हेतु वर्ष 2023–24 में राशि 1 करोड़ 48 लाख रुपये द्वारा विभिन्न राजकीय विद्यालयों में करवाये गये उल्लेखनीय कार्यो हेतु वंडर सीमेंट लि. को राजस्थान सरकार द्वारा उदयपुर के विवेकानन्द सभागार में आयोजित "28 वें राज्य स्तरीय भामाशाह सम्मान समारोह–2024" में कम्पनी के पूर्णकालिक निदेशक परमानन्द पाटीदार एवं सी.एस.आर. हेमेन्द्र सिंह झाला को शिक्षा मंत्री राजस्थान सरकार मदन दिलावर एवं जनजाति विकास विभाग मंत्री बाबूलाल खराड़ी, शिक्षा विभाग के प्रमुख शासन सचिव कृष्ण कुणाल द्वारा "शिक्षा विभूषण" पुरस्कार से सम्मानित किया गया।



इस अवसर पर वंडर सीमेंट लि. के यूनिट हेड नितिन जैन ने बताया कि आर. के. मार्बल ग्रुप की तरह ही वंडर सीमेंट लि. की भी पहली प्राथमिकता राजकीय विद्यालयों का आधारभूत विकास एवं गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा रही हैं। वर्ष 2023–24 में कम्पनी द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में आधारभूत विकास के लिए निरन्तर तत्पर रहते हुए वंडर उडान कार्यक्रम अन्तर्गत परियोजना क्षेत्र के नजदीकी गांवों के समस्त राजकीय विद्यालयों के भौतिक परिवेश में सुधार हेतु राजकीय विद्यालयों में नवीनीकरण कार्य, कक्षा–कक्षों मय बरामदे का निर्माण, बॉस्केटबॉल कोर्ट, बैडमिंटन कोर्ट, प्रार्थना स्थल, स्टेज, शौचालय युनिट, स्वागत द्वार निर्माण सहित राजकीय विद्यालयों के छात्र–छात्राओं की बैठक व्यवस्था के लिये अब तक 3,381 फर्नीचर सेट भी उपलब्ध कराये गये है। विद्यालयों में गुणवत्तायुक्त डिजिटल शिक्षण हेतु इंटरएक्टिव फ्लेट पैनल, कम्प्यूटर लेब की स्थापना, विद्युतीकरण जैसे कई अहम कार्य करवाये गये हैं। साथ ही राजकीय विद्यालयों में अध्ययनरत छात्रों के लिये शिक्षण सामग्री उपलब्ध करा शैक्षणिक एवं सह शैक्षणिक गतिविधियों में स्कुल डिजिटलाइजेशन प्रोजेक्ट अन्तर्गत सहयोग करते हुए जिला चित्तौड़गढ़, प्रतापगढ़ एवं जैसलमेर के राजकीय विद्यालयों में कई कार्य किये हैं। उल्लेखनीय है की शिक्षा के क्षेत्र में किये गये उत्कृष्ठ कार्यों के लिये राज्य सरकार द्वारा वंडर सीमेंट लि. को अब तक 9 बार राज्य स्तरीय भामाशाह सम्मान समारोह से सम्मानित किया जा चुका है, जिसमें लगातार तीसरी बार शिक्षा जगत के सर्वोच्च पुरस्कार "शिक्षा विभूषण" से राजस्थान सरकार ने कम्पनी का सम्मान किया। इस वर्ष कम्पनी की अनुशंसा पर ब्लॉक मुख्य शिक्षा अधिकारी, निम्बाहेड़ा श्रीमती नितु गुप्ता सहित कार्यालय के प्रदीप कुमार शर्मा एवं सतीश कुमार वैष्णव को प्रेरक सम्मान भी समारोह में दिया गया।

# कर्मचारी संघ-इंटक के चुनावी संकल्प पत्र का वीडियो कॉलिंग पर वर्चुअल विमोचन किया



बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा ( नि.स. )।** राष्ट्रीय मज़दूर कांग्रेस इंटक के प्रदेश अध्यक्ष जगदीश राज श्रीमाली ने शनिवार को राजस्थान अणुशक्ति परियोजना कर्मचारी संघ–इंटक के चुनावी संकल्प पत्र का वीडियो कॉलिंग पर वर्चुअल विमोचन किया। विमोचन के समय प्रदेश महामंत्री नरोत्तम जोशी व प्रदेश उपाध्यक्ष डी पी सिंह मौजूद रहे। श्रीमाली ने अपने संबोधन के दौरान बैठक में बड़ी संख्या में उपस्थित सदस्यों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए इंटक के गौरवपूर्ण इतिहास और श्रमिक हितों के लिए किये गए लंबे संघर्ष की चर्चा करते हुए परमाणु बिजलीघर स्थित यूनियन के अध्यक्ष मनोज डागुर, कार्यकारी अध्यक्ष एस एस नागर, महामंत्री आर के भाटी, रमेश गौतम, शशिकांत दशोरा, दीपक आंजना, हरीश गर्ग, सतीश आमेटा,गणपत मेघवाल, फ़िरोज़ ख़ान संजय शर्मा और अन्य पदाधिकारियों को ज़िम्मेदारी देते हुए आह्वान किया कि,इस चुनाव में आपको सफलता हासिल करके पिछले लंबे समय से मज़दूर हितों की लड़ाई बंद पड़ी है।उस आत्म सम्मान को वापस पाने के लिए अग्रणी भूमिका निभानी है। आपके चुनावी संकल्प पत्र में किए गए वादों जिसमें सामाजिक सुरक्षा, आर्थिक उत्थान, स्वास्थ्य–चिकित्सा व अस्पताल, सेवाओं में सरलीकरण, इकाई 7 × 8, कोलोनी परिसर में सुधार व नये कार्य, सेफ़्टी एवं सुरक्षा, कैंटीन, खेल एवं सांस्कृतिक, तथा अन्य कई विषयों पर काम करके आपको खरा उतरना है । उत्पादन और उत्पादकता के साथ ही मज़दूर आंदोलन की ताक़त को मज़बूत करना है।आपकी इस लड़ाई में राजस्थान प्रदेश इटंक और राष्ट्रीय इटंक हर स्तर पर आपके साथ है। बैठक में जब्बार अली प्रदीप शर्मा, अनिल कुमार, आर पी मीणा, गिरधर मीणा, हारून मोहम्मद, आर के स्वामी, मंगल वर्मा, राम जीवन चौधरी, नंदलाल धाकड़, सी पी वर्मा, खेमराज बैरवा, आर एस बांगरोत, तेजमल नागर, रमेश माली, आर एस शेखावत, रफीक़ मोहम्मद, लोकेन्द्र सिंह, जाहिद हुसैन, कैलाश पारीख, उदय राम जाट, दीपक कुचेरिया, उदय लाल धाकड़, सीबी गुर्जर, पुष्कर सेन, अक़बर अली, विनोद गौतम, राधेश्याम मीणा आदि उपस्थित रहे।

# प्रॉपर्टी व्यवसायी से मारपीट, मामले की जांच में जुटी पुलिस

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** शहर के नयापुरा इलाके में बदमाशों ने एक प्रॉपर्टी व्यवसायी पर जानलेवा हमला कर दिया। उस पर सरिए और लोहे के पाइप से हमला कर दिया। घायल युवक को एमबीएस अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। वारदात बजरंग नगर निवासी मुकेश मीणा के साथ हुई। मुकेश ने बताया कि शनिवार देर शाम को उसे बातचीत के नाम पर मयंक ने आकाशवाणी बुलाया था।

जहां भरत और मुश्ताक भी मौजूद थे। जब वह मौके पर पहुंचा तो उसके साथ सरिए और पाइप से मारपीट करना शुरू कर दिया। मुकेश के हाथ पैरों और सिर पर वार किए। जिससे उसके पैर में फ्रेक्चर हुआ है। हाथों और सिर में चोट आई है। हमले के बाद बदमाश भाग गए। घायल मुकेश को एमबीएस अस्पताल पहुंचाया गया। मुकेश के अनुसार मयंक के साथ उसकी कहासुनी हुई थी।

उसके परिवार की बातों को मयंक, मोहल्ले में फैलाता था। इसके अलावा मुश्ताक से उसका एक प्लॉट का विवाद चल रहा है। इन्हीं मामलों को लेकर बदमाशों ने एकराय होकर उस पर हमला किया गया। मामले में पुलिस जांच कर रही है।

# द्वितीय बटालियन, आरएसी से सेवानिवृत होने वाले अधिकारियों के सम्मान में समारोह आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** द्वितीय बटालियन आरएसी कोटा में अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर सेवानिवृत होने वाले सत्यनारायण नामा, प्लाटून कमांडर तथा गोपाल लाल मीणा, हेड कांस्टेबल के सम्मान में एक समारोह का आयोजन कर उन्हें सम्मानित किया गया तथा उनकी शानदार सेवाओं की भूरि–भूरि प्रशंसा की गई। समारोह की अध्यक्षता करते हुए बटालियन के सहायक कमांडेंट जोगेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि इन कर्मचारियों की प्रेरणादायक एवम असाधारण सेवाओं को सदैव याद



किया जाएगा। इस अवसर पर विभाग के कंपनी कमांडर अरविंद नामा तथा हवलदार प्रहलाद मीणा सहित अन्य कर्मचारियों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया । राजस्थान सेवानिवृत पुलिस कार्मिक संस्थान, जिला कोटा के जिलाध्यक्ष तेजराज सिंह तथा संभागीय उपाध्यक्ष जगदीश प्रसाद मीणा ने भी कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त करते हुए इन पूर्व कर्मचारियों को संगठन की विधिवत रूप से सदस्यता प्रदान की तथा इन्हे पेंशनर्स के कल्याणार्थ कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

# मासिक शिवरात्रि पर्व पर कपासन में कृष्ण नंदोत्सव एवं भजन कीर्तन का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** रंग पंचमी के पावन पर्व पर श्री यशोदानंदन सत्संग महिला मंडल द्वारा मासिक शिवरात्रि पर कृष्ण नंदोत्सव एवं भजन कीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। श्री यशोदा नंदन सत्संग मंडल के सदस्य एवं सहायक प्रशासनिक अधिकारी कैलाशचन्द्र गर्ग ने बताया कि मासिक शिवरात्रि पर्व पर रविवार को श्री यशोदा नंदन सत्संग महिला मण्डल



द्वारा कृष्ण नंदोत्सव,भजन,सत्संग व दान पुन्यादि कार्यक्रमो का आयोजन किया गया। जिसमे गणपति पूजन एवं लड्डू गोपाल ठाकुरजी के श्रृंगार बाद के दोपहर को उत्सव आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सीमा विजयवर्गीय, कैलाशचन्द्र गर्ग,मंजू खंडेलवाल, तारा विजयवर्गीय, प्रियंका शर्मा, उषा बारेगामा,f बंदु बारेगामा, सुनीता, मंजू, पप्पू बारेगामा, अंकित झांकी एवं धार्मिक भजन प्रस्तुत किये गये। इस दौरान महिलाओं द्वारा नंद उत्सव में फूलों से होली खेलते हुवे झूमते नाचते भजनों का आनंद उठाया। कार्यक्रम के अंत में महाआरती के बाद भक्तो एवं श्रद्धालुओ में महप्रसाद वितरण किया गया।

# शनि प्रदोष पर किया नया खेड़ा शनि भगवान का अभिषेक

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़( नि.स. )।** गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज धनेत द्वारा क्षेत्र की खुशहाली के लिए नया खेड़ा स्थित शनि मंदिर पर 21 जोड़ो द्वारा तिल के तेल से अभिषेक किया गया पंडित राकेश शास्त्री ने बताया पंडित अरविंद शर्मा एवं रोहित व्यास द्वारा वेद मंत्रों का उच्चारण के साथ नया खेड़ा में स्थित मां हिंगलाज का पूजा अर्चन कर ऋण मुक्तेश्वर महादेव का सहस्त्र धारा द्वारा अभिषेक किया गया भगवान शनि देव एवं ऋण मुक्तेश्वर महादेव एवं हिंगलाज का श्रृंगार किया गया एवं भगवान का महाप्रसाद का भोगलगाया गया इस अवसर पर गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज के सतीश शर्मा. दुर्गा शंकर शर्मा, कृष्ण चंद्र शर्मा. कैलाश चंद्र शर्मा. सुनील शर्मा. बालकृष्ण शर्मा .सत्यप्रकाश शर्मा.चन्द्रशेखर शर्मा. बालकृष्ण भट्ट. ऋषि शर्मा. पंडित राकेश शास्त्री.श्याम शर्मा. मुरलीधर जी शर्मा आदि आदि ने सब परिवार सहित भगवान का अभिषेक किया।

# कुश चतुर्वेदी बने शिव समिति अध्यक्ष

बढ़ता राजस्थान

**अन्ता (नि.स.)।** अंता शिव समिति सचिव तन्मय खत्री के नेतृत्व मे शिव सेवक समिति की बैठक हुई सम्पन्न, बैठक के अंतर्गत समिति मे पड़े रिक्त पदों की पूर्ति की गयी। आगामी त्यौहार गणेश चतुर्थी के विषय मे भी चर्चा की गई और समिति कि ओर से यह निर्णय भी लिया गया कि इस माह की समाप्ति से पूर्व गौ माता की सुरक्षा को मध्य नजर रखते हुए पूर्ण रूप से एक सप्ताह तक रेडियम बेल्ट पहनाओ अभियान भी चलाया जायेगा। शिव सेवक समिति के रिक्त पड़े पदों के लिए कार्यकारणी का गठन किया गया, अध्यक्ष–कुश चतुर्वेदी कोषाध्यक्ष–तक्षित मालव,मंत्री–अमन बागड़ी, सचिव–तन्मय खत्री और मीडिया प्रभारी के रूप मे लक्की गुर्जर को नियुक्त किया गया।

# कोतवाली निम्बाहेडा थाना पुलिस की कार्यवाही

## जुआ खेलते हुए 6 अभियुक्त गिरफ्तार 1,90,130 रूपये जब्त

बढ़ता राजस्थान

निम्बाहेड़ा(नि.स.) ।कोतवाली निंबाहेड़ा थाना पुलिस ने ताश पति पर दांव लगा कर जुआ सट्टा खेलते हुए 6 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर 01 लाख 90 हजार से अधिक रूपए जब्त किये है ।

जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने बताया कि अवैध जुआ सट्टा के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक(मुख्यालय), परबत सिह , पुलिस उप अधीक्षक वृत निम्बाहेडा बद्रीलाल राव के निकटम सुपर विजन में राम सुमेर पु.नि. थानाधिकारी कोतवाली निम्बाहेडा के निर्देशन मे दिनांक 01.09.2024 की रात्री विशेष सूचना मिली कि प्रकाश जैन पिता सागर मल जैन जाति जैन के मकान में ताश पति पर दांव लगा जुआ सट्टा मकान मालिक प्रकाश जैन द्वारा चलाया जा रहा है। मकान की तलाशी ली गई तो मकान के उपर बने कमरे मे 1 अभय जैन पिता मनोहर लाल जैन जाति जैन उम्र 36 साल निवासी आजाद चौक निम्बाहेडा 2.जयकिशन पिता मोहन लाल जाति सिन्धी उम्र 27 साल निवासी मकान नम्बर 49 आर.के कालोनी निम्बाहेडा 03. विकास आडवानी पिता राजेन्द्र प्रसाद आडवानी जाति सिन्धी उम्र 32 साल निवासी मकान नम्बर 3 राजीव चौक निम्बाहेडा 4. अक्षय जैन पिता सुरेन्द्र जैन जाति जैन उम्र 30 साल निवासी पी.एन.बी बैंक के पास आदर्श कालोनी निम्बाहेडा 5. कमलेश कुमार पिता भादरमल जी जाति जैन उम्र 45 साल निवासी मकान नम्बर 19 अशोक विहार निम्बाहेडा , 6. प्रकाश जैन पिता सागर मल जैन जाति जैन निवासी मकान नम्बर 19 अशोक विहार निम्बाहेडा पुलिस थाना कोतवाली निम्बाहेडा जिला चित्तौडगढ द्वारा ताश के पत्तो पर दाव लगाकर जुआ खेलने हुए को 1,90,130 रूपये व ताश के पत्ते को जप्त किया गया।

# मौसमी बीमारियों से बचने के लिए वार्ड पार्षद डॉ तन्वी शर्मा ने अपने वार्ड नं 20 में कराई फॉगिंग




बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा ( नि.स. )।** रावतभाटा वार्ड पार्षद डॉ तन्वी शर्मा ने बताया कि बारिश के समय पर जगह–जगह पर पानी एकत्र हो जाता है जो मच्छरों के जन्म का कारण बनता है ,और यहीं मच्छर बड़ी–बड़ी बीमारियों को पैदा करते हैं जैसे डेंगू, मलेरिया इत्यादि। उससे बचाव के लिए अपने वार्ड में डॉ तन्वी शर्मा ने फॉगिंग करवाई ।इसके लिए पार्षद तन्वी शर्मा ने नगर पालिका अध्यक्षा मधु कंवर हाडा, अधिशाषी अधिकारी मुकेश नागर,किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष कमलेंद्र सिंह हाडा एवं नगर अध्यक्ष राजेंद्र दशोरा जी का आभार व्यक्त किया और समय–समय पर पूरे क्षेत्र में फॉगिंग करवाने की मांग की।

